# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–273 । सागर, शुक्रवार, 24 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



चातुर्मास कर मुनीश्री विरंजन सागर ससंघ के मंगल विहार पर गुरुभक्तों के छलके आंसू पृष्ठ 2

▪ एक आदमी की बर्खास्तगी क्यों हिला रही है वैश्विक तकनीकी गतिविधियां? पृष्ठ 4

▪ संदिग्ध हालत में पेड़ पर लटका मिला वन रक्षक का शव पृष्ठ 6

गन्ने से मंडप सजाकर तुलसी व शालिगराम का विवाह हुआ पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### समलैंगिक विवाह पर 28 को सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले अपने 17 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका पर वह 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी के 'विशेष उल्लेख' पर समीक्षा याचिका पर विचार करने के लिए तारीख मुकर्रर की।

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट बंद, यूजर्स ने की शिकायत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट में गुरुवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते ई-टिकटिंग सेवाएं अस्थायी रूप से रूक गईं। इस रुकावट के कारण यात्री परेशान और निराश हो गए। उन्होंने अपनी निराशा दूर करने के लिए एक्स की ओर रुख किया। एक यूजर ने कहा, ऐसे आदमी की तलाश मत करो, जो प्रति वर्ष 20 लाख कमाता हो। ऐसे आदमी की तलाश करो जो आईआरसीटीसी पर तत्काल टिकट बुकिंग एक ही बार में कर सके।

### अंबाला में एयरफोर्स ने दिखाए करतब

**अंबाला, एजेंसी।** अंबाला में इंडियन एयरफोर्स प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कर रही है। शो फाइव स्कवाड्रन के 75 साल पूरे होने पर अंबाला कैंट के एयरफोर्स स्टेशन पर पहले दिन 1 घंट से अधिक समय तक एयर शो चला। यहां सबसे पहल जगुआर ने उड़ान भरी। एयर शो में राफेल और आकाश गंगा व सूर्य किरण टीम ने भी करतब दिखाए। एयर शो यूट्यूब पर भी लाइव दिखाया गया।

### राजशरण विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष और याज्ञवल्क्य महामंत्री निर्वाचित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजशरण शाही और याज्ञवल्क्य शुक्ल, छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में सत्र 2023-24 हेतु पुनर्निर्वाचित हुए हैं। यह घोषणा गुरुवार को अभाविप केन्द्रीय कार्यालय से की गई। अभाविप के केन्द्रीय कार्यालय से चुनाव अधिकारी डॉ. सी.एन. पटेल द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष रहेगा एवं दोनों पदाधिकारी दिल्ली में दिनांक 7, 8, 9 व 10 दिसम्बर, 2023 को होने वाले 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना पदग्रहण करेंगे। राजशरण शाही मूलतः उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से हैं। शाही ने शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की है। वर्तमान में वे बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में शिक्षाशास्त्र विभाग में सह-आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। विद्यार्थी परिषद के आशुतोष सिंह ने बताया कि राजशरण शाही ने अब तक छह पुस्तकों का लेखन व संपादन किया है। अभी तक 109 से अधिक शोधपत्र एवं लेख राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं एवं संगोष्ठियों में रखे जा चुके हैं। साथ ही शिक्षा से जुड़े विषयों पर दैनिक पत्रों में राजशरण शाही के लेख प्रकाशित हुए हैं।

---

2 सौ विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर मतदान कल

# राजस्थान में चुनाव प्रचार का दौर थमा

- दोनों पार्टियों ने प्रचार में झोंकी ताकत
- 1863 उम्मीदवार मैंदान में, 5 करोड़ 25 लाख से अधिक मतदाता कर सकेंगे मताधिकार का प्रयोग
- कांग्रेस व भाजपा में है कड़ा मुकाबला

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम को जनसभाओं एवं रैलियों का दौर बृहस्पतिवार को थम गया। उम्मीदवार अब घर घर जाकर ही मतदाताओं से अपील करेंगे। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीट में 199 के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। इन सीट पर 5,25,38,105 मतदाता हैं और 1863 उम्मीदवार हैं। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए चुनाव प्रचार बृहस्पतिवार शाम छह बजे थम गया। शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

नियमों के अनुसार अब चुनाव को लेकर कोई जनसभा या जुलूस नहीं निकाल सकेगा। अब मतदान से पूर्व चुनाव संबंधी कोई भी मामला टेलीविजन या किसी अन्य माध्यम से जनता के लिये प्रसारित नहीं किया जा सकता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति, जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या उम्मीदवार नहीं है या सांसद या विधायक नहीं है, वह चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद उस निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रह सकता है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस एवं मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी में माना जा रहा है। कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के कामों, उसकी योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित किया। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सात महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है वहीं भाजपा राज्य में अपराध, तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर हमलावर रही है। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य नेताओं ने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। भाजपा के प्रचार अभियान की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली। उन्होंने बीते कई दिनों में अनेक जगह जनसभाएं कीं। उन्होंने बीकानेर और जयपुर में रोड शो भी किया। इसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व राजनाथ सिंह ने भी अनेक जगह जनसभाएं कीं।

### राजस्थान में नहीं होगी गहलोत की वापसी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजसमंद के देवगढ़ में जनसभा करने पहुंचे। यहां विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साथियों आज मैं इस सभा में बता दूं कि चुनाव परिणाम निश्चित है। राजस्थान ने आज तक इससे बड़ी महिला विरोधी सरकार नहीं देखी है। इसलिए राजस्थान के जन-जन ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भरी सभा में दावा करते हुए कहा कि अब राजस्थान में गहलोत सरकार की वापसी कभी नहीं होगी।

### ये लोग सिर्फ 25 तक के मेहमान है



राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। उससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग राज्य में सिर्फ 25 नवंबर तक के मेहमान हैं, इसके बाद कोई नहीं दिखेगा। इसके साथ ही उन्होंने नरेंद्र मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा, प्रधानमंत्री एक अभिनेता हैं और वो अभिनय करते हैं। हमने राजस्थान में शानदार काम किया है और एक से बढ़कर एक नए कानून बनाए। उन्होंने महादेव ऐप्प के मामले पर कहा, एक साजिश के तहत लाल डायरी और महादेव ऐप्प का प्रकरण सामने आया है। 50 छापे मारे गए लेकिन क्या हुआ?

### पनौती वाले बयान पर राहुल को चुनाव आयोग का नोटिस



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री पर विवादित बयान देने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें 25 नवम्बर तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। भारत 19 नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला ऑस्टेलिया से हार गया था। इस मैच को देखने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे हुए थे। इसी पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को राहुल गांधी ने राजस्थान की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा अगले दिन एक अन्य जनसभा में उनके लिए जेबकतरा शब्द का प्रयोग करते हुए विवादित भाषण दिया था। उल्लेखनीय है कि कल बुधवार को भाजपा महासचिव राधामोहन अग्रवाल की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल चुनाव आयोग पहुंच कर प्रधानमंत्री के लिए विवादित टिप्पणी करने को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

---

शिवराज ने दूसरे दिन राजस्थान में की 3 चुनावी सभाएं, बोले-

## कांग्रेस की गारंटी झूठी



**जयपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजस्थान में भाजपा प्रत्याशियों के लिए धुआंधार प्रचार में लगे हुए है। आज उन्होंने बागीदौरा, रामगंजमण्डी और पीपल्दा विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को भाजपा की जीत का संकल्प दिलाया। श्री चौहान ने यहां कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, कांग्रेस के वायदों को लेकर तंज कसा और उन्हें झूठा बताया। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस झूठी गारंटी देने आती है अगर किसी की गारंटी है तो वो केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की गारंटी है, भाजपा जो कहती है वो करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में वंशवाद और परिवारवाद चल रहा है। साथ ही श्री चौहान ने दावा किया कि मध्यप्रदेश में फिर से पांचवी बार सरकार बनाकर ला रहे हैं, कांग्रेस हमें रोक नहीं सकती है। श्री चौहान ने यहां वायदा किया कि मध्यप्रदेश की तरह ही राजस्थान में भी किसानों के खातों में प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए आएंगे। मध्यप्रदेश की योजनाओं को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि, कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा, सभी को पक्के मकान बनाने के लिए पैसा दिया जाएगा। मध्यप्रदेश में जिस तरह मेधावी बच्चों को लैपटॉप और स्कूटी दी जाती है वैसे ही राजस्थान के बच्चों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

### राहुल गांधी बन गए हैं राष्ट्रीय मुसीबत

श्री चौहान ने कहा कि, राहुल गांधी केवल कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि अब राष्ट्रीय मुसीबत बन गए हैं। भाषण भी देते हैं तो पता नहीं रहता है कि क्या बोल रहें हैं। उन्होंने राहुल और प्रियंका पर झूठ का आरोप लगाया। इन्होंने राजस्थान में भी किसानों के कर्जमाफ करने की बात कही थी, लेकिन कर्जमाफ नहीं किया। मध्यप्रदेश में कहा था कि, कर्जमाफ नहीं हुआ तो 10 दिन में मुख्यमंत्री बदल देंगे, कांग्रेस ने तो मुख्यमंत्री नहीं बदला लेकिन जनता ने ही बदल दिया।

---

डीपफेक को लेकर सरकार गंभीर

## केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया कंपनियों के साथ की बैठक

### डीपफेक से बचने के तरीकों पर कुछ फैसले लिए



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** डीपफेक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिंता प्रकट किए जाने के बाद सरकार हरकत में है। गुरुवार को केंद्रीय इलेक्टानिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया कंपनियों के साथ बैठक की और इससे बचने के तरीकों पर कुछ फैसले लिए।

उन्होंने कहा कि डीपफेक न केवल समाज बल्कि लोकतंत्र के लिए भी एक खतरा है। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहाकि सोशल मीडिया कंपनियों ने माना है कि डीपफेक एक बडा सामाजिक खतरा है। इससे बचने के लिए जिन मुद्दों पर सरकार और कंपनियां काम करेगी,इसका जिक्र कर उन्होंने कहा, पहली चीज है कि डीपफेक की जांच कैसे हो? दूसरा इसे वायरल होने से कैसे रोका जाय? तीसरा कोई यूजर इसे कैसे रिपोर्ट करे और इस पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चत हो? और चौथा, इसके खतरे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सब मिलकर कैसे काम कर सकें? मालूम हो कि बीते दिनों मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक डीपफेक वाला वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद से यह मुद्दा चर्चा में है। वैष्णव ने कहाकि ऐसे वीडियो की जांच के लिए कुछ प्लेटफॉर्म तैयार हैं,लेकिन अभी इससे ज्यादा की जरूरत है।

### रोकने केलिए जल्द बनाया जाएगा कानून

इसलिए जल्द ही ऐसे वीडियो को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा और सही तकनीकी प्रावधान भी किए जाएंगे। उन्होंने कहाकि अगली बैठक अब दिसम्बर के पहले सप्ताह में की जाएगी। उसमें उठाए गए कदमों की समीक्षा करने के साथ ही फॉलोअप भी लिया जाएगा। उन्होंने कहाकि डीपफेक का मुद्दा भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। इसे रोकने के लिए खुद प्रधानमंत्री ने भी आह्वान किया है। पर्याप्त कानून न होने पर भी इस तरह के डीपफेक वीडियो को वायरल करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

तमिलनाडु की राज्यपाल रह चुकीं

## सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीवी का निधन



### राजीव गांधी के हत्यारों की दया याचिका खारिज की थीं

**कोल्लम, एजेंसी।** देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में 23 नवंबर की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका जन्म 30 अप्रैल 1927 को केरल में हुआ था। अपने पिता के कहने पर उन्होंने वकालत की पढ़ाई की। 1989 में वे सुप्रीम कोर्ट में जज बनीं और 29 अप्रैल 1992 तक इस पद पर रहीं। सेवानिवृत्ति के बाद वे नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की सदस्य रहीं। बाद में उन्हें तमिलनाडु राज्यपाल का पद भी मिला। राजीव गांधी हत्याकांड के चार दोषियों की दया याचिका को अस्वीकार करने के बाद उन्होंने गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था। जस्टिस फातिमा बीवी का जन्म 30 अप्रैल 1927 को केरल के पथानामथिट्टा में हुआ था। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के महिला कॉलेज से कैमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया। फातिमा के पिता ने उन्हें एडवोकेट की पढ़ाई करने के लिए कहा। इसके चलते उन्होंने तिरुवनंतपुरम के ही लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री हासिल की।

---

सिलक्यारा सुरंग हादसा

## कंपन की वजह से रोकनी पड़ी थी मशीन, फिर शुरू हुई

**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** सिलक्यारा सुरंग के भीतर फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने का उत्साह बृहस्पतिवार को दिनभर उतार चढ़ाव लेता रहा। अड़चनों की वजह से मजदूरों के बाहर आने का इंतजार बढ़ता रहा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी देर शाम तक ऑपरेशन सिलक्यारा के सफल होने का इंतजार कर रहे थे। बुधवार की रात को चले अभियान की रफ्तार से ये उम्मीद जताई जा रही थी कि बृहस्पतिवार की सुबह तक सभी 41 मजदूर सकुशल बाहर आ जाएंगे, लेकिन रात को अमेरिकन ऑगर ड्रिल मशीन की राह में लोहे के सरिए व गाटर आ गए जो टनल के भीतर के स्ट्रक्चर के लिए लगाए गए थे। इससे मशीन का पुर्जा भी टूट गया। मशीन रोकनी पड़ी।

इसके बाद एनडीआरएफ के जवान ने करीब 40 मीटर तक पहुंचे 800 मिमी पाइप के भीतर घुसकर रुकावट को देखा। उन्होंने इसे काटने की सलाह दी, जिसके लिए गैस कटर मंगाया गया। भीतर ऑक्सीजन कम होती है। गैस कटर चलाने पर ये और कम हो जाती है। लिहाजा, पहली टीम जब इसे काटने के लिए पहुंची तो वह सफल नहीं हो पाई। इसके बाद दूसरी टीम भीतर गई, जिसे कई घंटे की मशक्कत के बाद इसे काट दिया। सुबह दोबारा ड्रिल मशीन शुरू कर दी गई। नौवां पाइप भीतर भेजना शुरू किया गया। करीब 1.8 मीटर पाइप पहुंचा ही था कि मशीन में फिर तेज कंपन्न होने लगी। सामने फिर सरिये की चुनौती पेश आई, जिसे देर शाम तक काटा गया। खबर लिखे जाने तक मजदूरों को पाइप उनके पास तक पहुंचने और बचाव दलों को मजदूरों के बाहर आने का इंतजार था। अभी भी बचाव अभियान जारी है।

---

### धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक : शाह

**जयपुर, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आईएएनएस के एक सवाल के जवाब में कहा, धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है और ऐसा नहीं किया जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो भाजपा इसका कड़ा विरोध करेगी। जवाब में और बात जोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा, 'वास्तव में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अल्पसंख्यक कोटा के बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वे ये चुनाव नहीं जीत रहे हैं।' शाह ने दावा किया कि राजस्थान में अगली सरकार भाजपा की बनेगी, क्योंकि भगवा पार्टी राज्य में प्रचंड जीत दर्ज करेगी।




## राजौरी मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर

### 5 सैनिकों की भी देनी पड़ी शहादत

**जम्मू, देशबन्धु।** राजौरी के कालाकोट में सेना ने अपने दो अफसरों और तीन जवानों की शहादत का बदला ले लिया है। उसने अफगानिस्तान में आतंक फैलाने वाले लश्करे तौयबा के उस शीर्ष कमांडर को उसके साथी समेत मार डाला है जो एक साल से राजौरी व पुंछ के इलाके में आतंक मचाए हुए था। सेना प्रवक्ता ने बताया है कि राजौरी में गोलीबारी में एक और आतंकी और एक सैनिक मारा गया, जिससे कुल मिलाकर मरने वालों की संख्या सात हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकी और सेना के दो कैप्टन समेत सेना के पांच जवान मारे गए हैं।

जहां आज दो आतंकी और सैनिक मारे गए, वहीं बुधवार को कालाकोट राजौरी के बाजी इलाके में शुरू हुई गोलीबारी के पहले दिन दो कैप्टन सहित सेना के चार जवान मारे गए। हताहतों की संख्या बढ़ने के तुरंत बाद, सेना ने क्षेत्र में और अधिक अतिरिक्त बल भेज दिया था। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक ट्वीट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर राजौरी के कालाकोट क्षेत्र गुलाबगढ़ जंगल में संयुक्त अभियान शुरू किया गया। जिसमें आतंकियों से संपर्क 22 नवंबर को स्थापित किया गया था और तीव्र गोलाबारी हुई। सेना आगे कहती थी कि भारतीय सेना की उच्चतम परंपराओं में महिलाओं और बच्चों को होने वाली क्षति को रोकने की कोशिश में अपने बहादुरों की वीरता और बलिदान के बीच, दो आतंकी मार दिए गए। प्रवक्ता ने बताया कि जो दो आतंकी मारे गए हैं उनमें से एक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक कारी के तौर पर की गई है।

---

संसद की वेबसाइट से जुड़े नियमों में बदलाव

## संसदीय लॉग-इन पासवर्ड को अब किसी से नहीं कर सकेंगे साझा



- तकनीकी रूप से अकुशल सांसदों को हो सकती है परेशानी
- सांसदों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आएगा ओटीपी

• **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा प्रकरण के बाद केंद्र ने संसद की वेबसाइट तक पहुचने से जुड़े नियमों में बदलाव कर दिया है। इससे तकनीकी रूप से अकुशल सांसदो को परेशानी हो सकती है।

लोकसभा सचिवालय ने डिजिटल संसद पोर्टल और ऐप्स से सांसदों के सचिवों और निजी सहायकों की पहुच को खत्म कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सांसद का सहायक, निजी सचिव या कोई तीसरा पक्ष अब डिजिटल संसद की वेबसाइट तक नहीं पहुंच सकेगा। जिसके चलते वह किसी सांसद की ओर से नोटिस या प्रश्न प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।

अब यह काम सांसदों को खुद करना होगा। इस प्रक्रिया के तहत डिजिटल वेवसाइट की लॉग-इन के लिए सांसदों के पंजीकृत मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। कोड दर्ज करने के बाद ही वे वेबसाइट तक पहुंच सकेंगे।

### महुआ प्रकरण सामने आने के बाद बदलाव

मालूम हो कि यह बदलाव टीएमसी सांसद की महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की उस शिकायत के बाद लिया गया है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्रायी के पत्र का हवाला देते आरोप लगाया गया था कि प्रश्न पूछने के बदले महुआ ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसा लिया था। इसमें यह भी कहा गया था कि सांसद महुआ की डिजिटल वेबसाइट का लॉगइन 47 बार उनकी गैर मौजूदगी में दुबई से किया गया। कारोबारी के स्टॉफ महुआ की ओर से सीधे पोर्टल पर सवाल दर्ज कराए। फिलहाल दुबे की शिकायत के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मामले को आचार समिति को सौंप दिया था। जिसने दो बैठकों की सुनवाई के बाद महुआ की लोकसभा की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी है। माना जा रहा है कि शीतकालीन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष इस पर फैसला ले सकते हैं।

# चातुर्मास कर मुनीश्री विरंजन सागर ससंघ के मंगल विहार पर गुरुभक्तों के छलके आंसू



**शाहगढ़, देशबन्धु।** कोई रोक सको तो रोक लो, न जाओ गुरुवर, कुछ दिन और हमें मंगल देशना एवं आर्शीर्वाद और आपका ससंघ सानिध्य दीजिए। कुछ ऐसे ही भाव चातुर्मास के पश्चात शाहगढ़ से विहार कर रहे जनसंत मुनिश्री विरंजन सागर ससंघ को रोकने के लिए गुरु भक्तों के थे। विदाई की बेला में गुरु भक्तों की आंखें नम थी और मन बस यही कह रहे थे कि कुछ समय और रुक जाओ गुरुवर। दरअसल मुनिश्री ससंघ ने बड़ा मंदिर से गुरूवार दोपहर अमरमऊ के लिए मंगल विहार किया। इससे पूर्व मुनिश्री ने अपनी मंगल देशना और गुरु भक्तों को मंगल आशीष दिया। सकल जैन समाज और चतुर्मास समिति के लोगों द्वारा मुनि श्री के दर्शन किये गये और उनका आशीर्वाद लिया और सभी ने मुनिश्री को शीत कालीन वाचना के लिए निवेदन किया। मीडिया प्रभारी प्रकाश अदावन ने बताया की शाहगढ़ से बिहार करते हुए मुनि श्री बक्सवाहा में सिद्ध चक्र महामंडल विधान में शामिल होकर सादपुर में होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव के पात्रों के चयन कार्यक्रम में 30 नवंबर को शामिल होंगे त्दोपरांत 4 दिसंबर से नेनागिर में होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव में मुनिश्री विराग सागर सहित मुनिश्री के सानिध्य में संपन्न होगा। गुरुवार को चतुर्मास समिति अध्यक्ष पदम सेठ को मुनिश्री की आहार चर्या कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रात्रि विश्राम मुनि श्री का अमरमऊ में हुआ जहां से शुक्रवार की आहार चर्या उपरांत मडदेवरा के लिए बिहार होगा कल शनिवार को हीरापुर में प्रवेश होगा।

## जैन मुनि सरोवर नहीं सागर होते हैं, इनका विहार नियत है: मुनिश्री

पानी नदी का बहता रहे तो सब जगह स्वच्छ पानी मिलता है, हर जगह की फसल हरी-भरी होती है। मित्रों सरोवर का पानी जगह-जगह की फसल को हरी-भरी नहीं कर पाता। ज्ञानियों जैन मुनि तलाब नहीं सागर होते हैं, इनके नाम के साथ सागर लगा होता है। ये समुद्र के समान व गंभीर होते हैं इसलिए इनका विहार नियत है। मुनिश्री ने कहा कि ने कहा कि चार माह तक सकल समाज ने मिलकर जो चातुर्मास की ऊंचाइयां प्राप्त की है, यही मंगल आशीष है कि जैसे आपने चतुर्मास स्थापना से निष्ठापन तक आपने जो आनंद लिया है, ऐसे ही आनंद भविष्य में आने वाले यति संघ के साथ लेना। इसी प्रकार से उनकी सेवा व वैयावृत्ति करना, मैं यह समझूंगा आपने चातुर्मास में बहुत कुछ सीखा है। हम आपको सिखा कर जा रहे हैं कि केवल विरंजन सागर व संघ आए तो ही नहीं, बल्कि जितने निर्ग्रन्थ तपोधन पधारे सब की सेवा करना। मुनि श्री ने कहा कि बहुत आनंद के साथ मंदिर और चातुर्मास समिति, सकल समाज, संपूर्ण मंदिर की समितियों ने मिलकर इस चातुर्मास को बहुत अच्छे से पूर्ण कराया है। ध्यान रखना अहिंसा महाव्रत का पालन, द्रव्य अहिंसा का पालन आपकी दृष्टि में है, लेकिन इससे भी गहरी अहिंसा का नाम भाव अहिंसा है। अधिक रुकेंगे तो राग की वृद्धि होगी और द्वेष भी खड़ा हो सकता है। मुस्कुराहट इस बात की आना चाहिए कि चार माह एक से निकले। अब हम यहां से विहार करेंगे, यह नियति की नियतता है। दिशाओं-दिशाओं से पक्षी आते हैं और समय पूरा होने पर चले जाते हैं। अब यहां हमारा भी समय पूरा हो चुका है। किंचित भी मन में विकल्प हो तो आप मुझे जरूर बताना। ये मुनिराज 24 घंटे क्षमा करते रहते हैं और क्षमा मांगते रहते हैं।

# देवउठनी एकादशी पर हुआ तुलसी जी और भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न



**बीना, देशबन्धु।** कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है इसे देवों उत्थान एकादशी, देवउठनी ग्यारस, प्रबोधिनी एकादशी आदि के नाम से जाना जाता है। मान्यता अनुसार भगवान विष्णु कार्तिक मास के शुरू होने से 4 महीने पूर्व भी सो जाते हैं इस दौरान कोई भी मांगलिक कार्य हिंदू धर्म में नहीं किया जाता है देवउठनी एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु अपनी निद्रा को जाते हैं इस प्रकार देव उठने के साथ ही चार महीने से रुके हुए मांगलिक कार्य भी इसी दिन से शुरू हो जाते है। इस दिन भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा की जाती है वही इस दिन शालिग्राम और तुलसी का विवाह राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा सुबह 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से भगवान शालिग्राम की बारात बड़ी हर्ष उल्लास के साथ निकाली गई जिसमें सभी भारतीय संस्कृति को धारण करते हुए पीले वस्त्र धारण कर हुई थी वहीं पुरुष भी उनसे पीछे नहीं थे नगर का भ्रमण करते हुए मां जागेश्वरी मार्ग से थाने के पीछे होते हुए सर्वोदय चौराहा, कॉलेज तिराहा, महावीर चौक से मां जागेश्वरी धाम पर मंडप सजा हुआ था जहां पर सब ने मिलकर बारात की आगमनी की वर पक्ष विवाह गीत का आयोजन किया गया और परस्पर एक दूसरे को हल्दी लगाकर स्वागत अभिवादन किया गया एवं शालिग्राम एवं तुलसी का विवाह भव्य तरीके से आयोजित हुआ तुलसी पक्ष के लोगों ने कन्यादान लिया और बारात का भव्य रूप से स्वागत किया गया तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

## चलती ट्रेन में चढ़ रहा युवक गिरा

**बीना, देशबन्धु।** मालखेड़ी होम सिग्नल के पास चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में एक युवक ट्रेन गिरकर घायल हो गया। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई हैं। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है। जहां युवक का इलाज जारी है। मालखेड़ी रेलवे स्टेशन के होम सिग्नल के पास प्रमोद पिता गोपाल अहिरवार 38 निवासी नानक वार्ड बीना अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ते समय गिर गया। युवक घर से सागर जाने के लिए निकला था। हादसे के दौरान ट्रेन में चढ़ते समय युवक फिसल कर पटरी पर जा गिरा। जिससे युवक का पैर ट्रेन की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही डॉ. जितेंद्र राय और पायलट प्रहलाद मौके पर पहुंचे और घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## क्षत्रिय समाज के लोगो ने गढ़ाकोटा में हुए उपद्रव घटना को लेकर सौंपा ज्ञापन




**मालथौन, देशबन्धु।** 18 नवम्बर को गढ़ाकोटा में हुए बड़े उपद्रव घटनाक्रम में क्षत्रिय समाज मालथौन के कुछ लोगो ने सामने आकर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं। रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा में क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह ठाकुर के भाइयो पर हुए हमले के घटना को लेकर ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग उठाई हैं। उन्होंने बताया कि पूरा मामला राजनैतिक द्वेश पूर्ण कार्यवाही से उन्हें फंसाया गया। पुलिस की कार्यवाही पर सवाल खड़े किए है। ज्ञापन में लेख है कि गढ़ाकोटा में अपने वाहनों के साथ अभिलाष सिंह ठाकुर और देवेंद्र सिंह ठाकुर चौरा और उनके कार्यकर्ताओं पर श्रीराम भार्गव, कुश भार्गव, अभिषेक भार्गव ने अपने समर्थकों व असामाजिक तत्वों द्वारा हथियारों के साथ जानलेवा हमला कर वाहनों में तोड़फोड़ की गई। उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। ज्ञापन में मांग की है कि गढ़ाकोटा में हुए मामले की निष्पक्ष जांच की जावें एसी टीव्ही कैमरे की फुटेज और घटना के वीडियो को देखकर हमलावरों की पहचान कर आरोपियों पर शीध्र कार्यवाही की जावें।

## विठ्ठल भगवान की चरण पादुका एवं लक्ष्मी जी की निकली शोभायात्रा



**रहली, देशबन्धु।** गुरुवार को नगर में श्रीदेव विठ्ठल भगवान की चरण पादुका एवं दीपावली से विराजी माता लक्ष्मी की शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। धर्मिक मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विठल विश्राम करने पाताल लोक गमन कर जाते है एवं देव उठनी ग्यारस के दिन भगवान विश्राम के बाद वापिस आते है। आगमन के अवसर पर विठल भगवान की चरण पादुकाओं का जलाभिषेक कर नगर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। दोनो ही आयोजन पंढलपुर वार्ड में होते है तो बडी संख्या में शोभायात्रा में लोग शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह भगवान की पादुका एवं लक्ष्मी जी की आरती उतारी गई।

## नामदेव जयंति मनाई गई, घरो में हुआ ग्यारस का पूजन आज से शुरू होगे मांगलिक कार्य



**रहली, देशबन्धु।** संत शिरोमणि नामदेव जी महराज की जयंति हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हनुमान तिराहा स्थित नामदेव मंदिर में प्रात कालीन बेला में हवन पुजन का कार्यक्रम किया गया। दोपहर बाद मंदिर से नामदेव महराज की शोभयात्रा ठोल नगाडों आतिशबाजी के साथ निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो होते हुये पंढलपुर भगवान विठठल के दर्शनो के साथ वापिस मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह जगह शोभायात्रा का पूजन किया गया। इस दिन नगर के नामदेव समाज द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करते हवन पूजन आदि किया गया। रात्रि काल में समाज के लोगो द्वारा भजन कीर्तिन का आयोजन किया। ग्यारस के दिन विशेष रूप से गन्नों की पूजा कि जाती हैं इस कारण से हाट बाजार में दिन भर गन्नों की खूब ब्रिकी हुई कई किसान तो रात्रि में ही गन्ना ले के बाजार में आ गये थे ग्यारस के दिन गन्ने के आलावा पूजा में कुमडा, बेल, शिंगाडे, मूगंफली, बिहि, सीताफल, चना की भाजी, आवला, बेर, मूरा के साथ सभी मौसमी कन्द मूलफल की भी खूब बिक्री हुई।

### उठो देव तुम ग्यारें आओ

देव उठनी ग्यारस को घरो में विशेष पूजन किया गया। ग्यारस का पूजन घरो के बाहर किया जाता है सो लोगो ने छतो या आगन में सरोति खेच कर उस पर चारो तरफ से गन्ने बाध कर ग्यारस का पूजन किया। हिन्दु धर्म के अनुसार देव शयनी ग्यारस को देवता सोते है एवं देव उठनी ग्यारस को उठते है आज से सभी मांगलिक कार्य आरंभ होते है बुंदेलखंडी परंपरा के अनुसार ग्यारस के पूजन के समय लोगो द्वारा देवताओ को जगाने के लिये उठो देव तुम ग्यारे आओ, क्वारो के ब्याव, ब्याव के चौक करावो आदि अहाने कहते हुऐ गन्नो के चारो तरफ चक्कर लगाये जाते है। पं. नरेंद्र शास्त्री ने बताया की ग्यारस के दिन गन्नो एवं मौसमी कन्द मूल फलो के पूजन का विशेष महत्तव होता है इस दिन इन का पूजन करने से घर परिवार में सुख समृद्वी का वास होता है।



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को देवउठनी ग्यारस के पावन पर्व पर शहर में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया गया। त्यौहार को लेकर बच्चों में उत्साह नजर आया।

# शहर स्थित दूध डेरी, मिष्ठान दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई द्वारा शुरू किए गए मिल्क प्रोडक्ट सर्वे 2023 के तहत दमोह शहर से खोवा, पनीर, दूध, घी, दही, आइसक्रीम एवं छेना के सर्विलेंस नमूनें लिए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा शहर स्थित दूध डेयरियों, मिष्ठान दुकानों का औचक निरीक्षण किया। एफएसएसएआई द्वारा दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा परीक्षण हेतु देशव्यापी मिल्क प्रोडक्ट सर्वे 2023 शुरू किया गया है जोकि सम्पूर्ण देश में जिले स्तर पर अक्टूबर एवं नवंबर माह में संपन्न किया जाना है। इसके तहत खोवा, पनीर, दूध, घी,



मक्खन एवं छेना आदि से निर्मित दुग्ध पदार्थों के नमूनें एकत्रित किये जाने हैं। इसी तारतम्य में खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने एनसीएमएल के प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह लोधी एवं दामोदर पटेल के साथ निरीक्षण की कार्यवाही करते हुए रेडक्रॉस मार्केट जिला अस्पताल के पास स्थित प्रताप घी वाला से पैक्ड मक्खन, घी एवं दूध, अमृत सागर डेरी से पनीर, दही, बस स्टैंड स्थित फ्रेश एन फाइन से पैक्ड आइसक्रीम, घंटाघर स्थित हनुमान गढ़ी स्वीट्स से खोवा, सत्कार लॉज के पास स्थित श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार से छेना एवं किल्लाई नाका स्थित माही डिलाइट से पैक्ड दही एवं पनीर का सर्विलेंस नमूना जांच हेतु लिये। इन नमूनों को जांच हेतु आनंद, गुजरात स्थित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड लैबोरेटरी भेजा गया है। इस सर्वे में खोवा, पनीर, दूध, दही, मक्खन, घी एवं छेना के नमूनें एकत्रित किये जा रहे हैं। उक्त नमूना संग्रहण में खाद्य पदार्थों के नमूनों में किसी भी प्रकार के प्रीजर्वेटिव या संरक्षक का उपयोग नहीं किया गया है। समस्त नमूनों को असंक्रमित कंडीशन में कोल्ड चैन के माध्यम से लैबोरेटरी भेजा गया है।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज थाना में महिला ने दुष्कर्म की शिकायत की है। आरोपी पिछले करीब 15 सालों से पीड़ित महिला के साथ डरा धमकाकर और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। इस बीच उसने पति से तलाक भी करा दिया। लेकिन अब वह शादी करने से मना कर रहा है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 40 वर्षीय पीड़ित महिला ने थाने आकर शिकायत में बताया कि वह अपने पति के साथ वर्ष 2008 में किराये का कमरा लेकर थाना क्षेत्र में रह रही थी। पति प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। वह दिन और रात में ड्यूटी करता था। इसी बीच उसके पति की दोस्ती प्रदीप पिता राधेश्याम दुबे उम्र 38 साल निवासी पोद्दार कालोनी से हुई। पति के साथ आरोपी प्रदीप शराब पीने के लिए घर आने लगा। वर्ष 2008 में ही पति की 15 दिन के लिए रात की ड्यूटी लगी तभी आरोपी प्रदीप दुबे रात के समय कमरे में आया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को बताने पर बच्ची और पति को जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण पीड़िता ने किसी को कुछ नहीं बताया। जिसके बाद आरोपी को जब भी मौका मिलता वह दुष्कर्म करने लगा। दुष्कर्म के कारण वर्ष 2009 में पीड़िता गर्भ से हो गई। उसने बच्ची को जन्म दिया जो इस समय 14 साल की है। घटनाक्रम के चलते पीड़िता कमरा खाली कर पति के साथ दूसरे स्थान पर रहने लगी। लेकिन पति के साथ आरोपी वहां भी आने लगा। जहां उसने शादी का झांसा दिया और 2022 में उसके पति से तलाक करवा दिया। आखिरी बार आरोपी ने जुलाई 2023 में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके बाद पीड़िता ने उससे शादी करने का बोला तो आरोपी ने कुछ समय रुकने का बोला। जिसके बाद उसने घर आना बंद कर दिया। मोबाइल बंद कर लिया। पीड़िता जब आरोपी से मिलने पहुंची और शादी का बोला तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि डर और बच्चों की चिंता के कारण अब तक आरोपी की शिकायत नहीं की थी। लेकिन पति से तलाक करवाने के बाद आरोपी ने भी शादी करने से मना कर दिया। इस कारण आरोपी की शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी प्रदीप दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।

## 15 दिसंबर तक में होंगी 500 शादियां, मैरिज गार्डन, बैंड, कैटरिंग बुक

**सागर, देशबन्धु।** देवउठनी एकादशी पर गुरुवार को तुलसी-शालिग्राम विवाह के साथ ही शादियों का सीजन शुरू हो रहा है। गुरुवार से शुरू होकर शादी के मुहूर्त 15 दिसंबर तक चलेंगे। इस बीच सागर में करीब 500 शादियां होंगी। जिसको लेकर लोगों ने मैरिज गार्डन, केटरिंग और बैंड बुक करना शुरू कर दिया है। सागर शहर में करीब 50 मैरिज गार्डन है। जहां शादियों की बुकिंग शुरू हो गई है। इसके अलावा केटरिंग और बैंडबाजा की बुकिंग की जा रही है। कुछ मैरिज गार्डन में एक साथ तीन शादियां तो कुछ में दो शादियां हो सकती है। जिसको लेकर मैरिज गार्डन संचालकों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

## दूध लेने जा रही 8 वर्षीय बालिका का बाइक सवार ने किया अपहरण

**जैसीनगर, देशबन्धु।** जिले के जैसीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 8 वर्षीय बालिका दूध लेने के लिए जा रही थी तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने बालिका को बाइक पर बैठाकर ले गया। वही जैसीनगर से 1 किलोमीटर दूर जंगल की ओर ले जाने लगा, तभी बालिका किसी तरह आरोपी के चंगुल से छुटकर भागने लगी, इसी वक्त रास्ते से एक बाइक सवार आ रहा था जिसे देखकर आरोपी भाग गया। वहीं घबराई बालिका कुछ बोल नहीं पा रही थी वही बाइक सवार युवक बालिका को जैसीनगर ले आया तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। एसआई कमलजीत सिंह ने बताया बालिका और परिजनों ने थाने में उपस्थित होकर मामले की जानकारी दी है, महिला उप निरीक्षक थाने में न होने की वजह से सागर से महिला उप निरीक्षक आने के बाद मामले में कार्रवाई की जा रही है, आरोपी पर धारा 363, 354, पाक्सो को एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# भारत ओमान रिफाइनरी ने शासकीय पट्टे पर की तार फैसिंग ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर रास्ता खोलने की मांग की

बीना, देशबन्धु। हड़कल खाती गांव में भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड के नाम से शासकीय पट्टे पर रिफाइनरी के अधिकारियों ने रास्ता बंद कर गेट लगा दिया और अन्य जगहों पर तार फैसिंग कर दी। इस रास्ते से कई किसान अपने खेत जाते हैं, गेट लगने से उनका रास्ता बंद हो गया। इसके बाद किसानों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और रास्ते में लगे गेट को हटा दिया। इसकी जानकारी मिलते ही रिफाइनरी के सुरक्षाकर्मी और पुलिस मौके पर पहुंचे। और ग्रामीणों ने रास्ता खोलने की मांग की। इसके बाद पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ग्रामीण सेवाराम सेन, जीवन धानक, मनोज, अरविंद, अनिल, राजेश धानक, राम नारायण पस्तोर सहित अन्य मौजूद रहे।





**मकरोनिया, देशबन्धु।** श्री प्रभाकर नगर स्थित शिव मंदिर गौर भवन में देवउठनी एकादशी का पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर एकदशी कथा का वाचन कर एकादशी पूजन संपन्न हुआ। गौर निवास पर पूजन के दौरान प्रमुख रूप विमला गौर, अखिलेश गौर, अभिषेक गौर, अंकिता गौर, निरूपमा गौर सहित भक्त जन उपस्थित रहे।

# बाल मेले में नन्हे मुन्ने बच्चो ने सीखा खरीदारी करना



**रहली, देशबन्धु।** द अवार्ड सपनों के स्कूल में बाल उत्सव मेले का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा बाजार की तरह वस्तुएं खरीदी और बेची, मेले में शाला प्रबंधन द्वारा सभी प्रकार की दुकान लगाई गई। आयोजन पूर्ण हर्ष उत्साह के साथ सभी बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मनाया। बाल मेले के पीछे शाला का उद्देश्य बच्चों को बाजार की जानकारी देना था। साथ ही खरीदारी के बारे में और पैसे के महत्व को बच्चों को समझाया गया। बाल मेले के समापन पर सभी बच्चो को गुल्लक और पॉपकॉर्न का पैकेट उपहार स्वरूप दिया गया। बाल मेले में बच्चो के साथ पहुंचे अभिभावकों द्वारा भी द अबोड सपनों का स्कूल के इस अयोजन की सराहना की गई।

## सार समाचार

### पत्नी को गोली मारकर भागा आरोपी छतरपुर में पकड़ा गया

**छतरपुर, देषबन्धु।** धनतेरस के दिन सतना जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतरहार गांव में अपनी पत्नी को गोली मारकर भागे आरोपी को पुलिस ने छतरपुर से पकड़ लिया है। आरोपी उमापत सिंह पटेल पुत्र लटकन पटेल के बारे में पक्की सूचना मिलने पर उचेहरा पुलिस राजनगर थाने के ग्राम खजुवा पहुंची और उसे अहरी हार से दबोच लिया।

पुलिस ने बताया कि दो साल पहले उमापत का विवाह वर्षा के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक चल बाद में उमापत पत्नी को बेवजह परेशान करने लगा। कभी कभी तो वह उसकी पिटाई भी कर देता था। करीब सात माह पहले पति से नाराज होकर वर्षा पति के बुरे बर्ताव से तंग आकर अपने मायके चली गई और वहीं रहने लगी। यहां तक कि उसने ससुराल लौटने से भी मना कर दिया। इससे उमापत और भी नाराज रहने लगा। धनतेरस की रात उमापत अपनी ससुराल पहुंचा, उस समय उसकी पत्नी घर की पुताई कर रही थी। उमापत ने उसे देखते ही कटटे से उस पर गोली चला दी। गोली लगने से वर्षा लहुलुहान होकर वही गिर पडी। इस दौरान उमापत ने अपनी छोटी साली पर भी गोली दागी पर वह बच गई। जब वह चिल्लाई तो उमापत झाडियों की ओट में होकर वहां से भाग निकला। पुलिस उसे तलासती रही पर सुराग नहीं मिला। इसी बीच मुखबिर से पता चला कि आरोपी उमापत खजुवा गांव में है। वहां से उसे पकड़कर पुलिस ने न्यायालय में हाजिर किया वहां से उसे नागौद उपजेल में भेज दिया गया है।

### सड़क निर्माण के गड्ढे में गिरकर स्कूटी सवार घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को एक स्कूटी पर सवार एक युवक लगभग 15 फुट गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो गया है। हादसे में स्कूटी चकनाचूर हो गई, गनीमत ये रही कि युवक गंभीर चोट नही आई है। जानकारी के अनुसार हरपालपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में अमृत भारत योजना के तहक निर्माण कार्य चल रहा हैं। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में गेट के पिलर उठाने के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया है। वहां सुरक्षा के लिये बैरिकेट नहीं लगाने के कारण एक स्कूटी सवार युवक लगभग 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में गिरे युवक की चीख-पुकार सुनकर स्टेशन परिसर में खड़े यात्री एवं हंड्रेड डायल की मदद से काफी मशक्कत में बाद युवक को गड्ढे से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## 43 अरब रुपये से 310 किमी लंबे रेल मार्ग का दोहरीकरण 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य

# झांसी-मानिकपुर रेल मार्ग का दोहरीकरण तेज, बेतवा नदी पर बनने लगा पुल





✷ संजय सक्सेना

**छतरपुर, देशबन्धु।** लंबे समय तक धीमी गति से किए जा रहे झांसी-मानिकपुर तक 310 किमी लंबे रेल मार्ग के दोहरीकरण के काम को रेल विभाग ने रफ्तार दे दी है। अब 2025 तक कम समय में झांसी से मानिकपुर तक का सफर शुरू हो जाएगा।

झांसी से मानिकपुर के बीच अभी सिंगल ट्रैक पर ही गाड़ियां दौड़ती हैं। जिससे दो गाड़ियां एक साथ नहीं निकल पातीं। जगह-जगह गाड़ियों को रोककर दूसरी गाड़ी निकाली जाती है। इससे प्रभावित होने वाली गाड़ियों की रफ्तार को देखते हुए रेल विभाग ने झांसी-खैरार-मानिकपुर और खैरार-भीमसेन के 310 किमी लंबे रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का काम चार हजार करोड़ रुपये के बजट से कराया जा रहा है। वैसे तो ये काम इसी साल दिसंबर तक पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन पिछले दो साल कोरोना में निकल गए जिससे काम की गति धीमी रही, ऐसे में सिर्फ झांसी-महोबा सेक्शन के बीच ही काम अटका रहा। रेल अफसरों की मानें तो पर्यावरण सहित अन्य एनओसी लेने में काफी समय लगा है। तकनीकी दिक्कतों सहित कई पुलों का निर्माण होने की वजह से भी समय लग रहा है।

लगातार काम मे देरी के कारण अब इस काम को 43 अरब रुपये से अधिक के बजट से कराया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रियता के कारण अब इस काम में तेजी भी आ गई है। जानकारी के अनुसार झांसी से मानिकपुर तक 310 किमी लंबे रेल मार्ग के दोहरीकरण में 42 बड़े पुल, 456 छोटे पुल, 4 महत्वपूर्ण बड़े पुल बनाए जाना हैं। जिनमें ओरछा में बेतवा नदी पर पुल, मऊरानीपुर-हरपालपुर के बीच धसान नदी और बांदा के पास केन नदी का पुल शामिल है।

**अभी कई प्रमुख ट्रेन गुजरती हैं :** झांसी-मानिकपुर के बीचसिंगल ट्रैक पर अभी एक दर्जन प्रमुख सवारी गाड़ियां गुजरती हैं। इसी रास्ते से प्रयागराज समेत पूर्वांचल को जोड़ने वाली दूसरी गाड़ियां भी जाती हैं। इनमें प्रमुख रूप से यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन, खजुराहो-कुरुक्षेत्र एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस, बुंदेलखंड एक्सप्रेस, तुलसी एक्सप्रेस, चंबल एक्सप्रेस, उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस, झांसी-प्रयागराज पैसेंजर, झांसी-बांदा पैसेंजर और झांसी-मानिकपुर पैसेंजर ट्रेन समेत अन्य गाड़ियां प्रमुख हैं। सिंगल रेलवे ट्रैक पर रेलवे ने ट्रेन की संख्या तप बढ़ा दी मगर ट्रैक सिंगल ही रहने के कारण इंज संचालन सही तरीके से नहीं हो सका। अब इसमें रेल मार्ग के दोहरीकरण के बाद यहां से कई अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों को भी चलाया जा सकेगा। तब संचालन सुचारू होने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में कम समय भी लगेगा।

### इनका कहना है

झांसी से मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य को तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में बेतवा नदी पर प्रमुख पुल तैयार हो रहा है। दोहरीकरण कार्य 2025 तक निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा।

**मनोज कुमार सिंह,** जनसंपर्क अधिकारी, झांसी रेल मंडल

### केन नदी के किनारे बनेगा डायमंड कारिडोर

**छतरपुर, देशबन्धु।** राजनगर तहसील के 6 गांवों की जमीन के नीचे हीरे का भंडार छुपा हुआ है। इस बात की पुष्टि जियोलाजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के द्वारा इस अंचल में किए गए सर्वे के आधार पर की गई है। खनिज अधिकारी की मानें तो छतरपुर जिले में राजनगर तहसील के 6 गांव में बेनीगंज, बमनौरा, महलवार, धवाड़, मऊमसानियां की 1612 हेक्टेयर जमीन को हीरा खनन के लिए चिह्नित किया गया है। बताया गया है कि जियोलाजिकल सर्वे आफ़ इंडिया के सर्वे के बाद गूगल मैपिंग कराई गई। इस डायमंड प्रोजेक्ट के लिए वन और राजस्व के क्षेत्रों को भी चिह्नित किया गया है। यहां वृहद क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता का हीरा मिलने की संभावना है। हालांकि अभी इसमें समय लगेगा। हीरा खदान की नीलामी के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष प्रोजेक्ट में छतरपुर और पन्ना जिले में बीच बहने वाली केन नदी के किनारे डायमंड कारिडोर बनाया जाएगा। यह कारिडोर पन्ना जिले के अजयगढ़ प्रोजेक्ट हर्षा-1 और छतरपुर के राजनगर तहसील में हर्षा-2 के बीच बनेगा। इसके लिए आनलाइन टेंडर भी बुलाए गए हैं। आक्शन पर कंपोजिट लाइसेंस की प्रक्रिया चल रही है। जब ये परियोजना कार्यरूप में बदल जावेगी तो छतरपुर का पूरे देश मे खास नाम होगा।

## बुंदेलखंड के हर घर में बोली जाए बुंदेली बोली : सिंह

- उत्साह से मनाया छतरपुर का स्थापना दिवस

**छतरपुर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड केशरी छत्रसाल स्मारक पब्लिक ट्रस्ट छतरपुर के तत्वाधान में छतरपुर नगर की स्थापना दिवस के मौके पर शहर के गांधी चौक बाजार स्थित स्मारक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रो बहादुर सिंह परमार थे। अध्यक्षता पन्ना एवं छतरपुर स्टेट में सरकारी सेवाएं देने वाले 98 वर्षीय रिटायर्ड एसडीएम दशरथ प्रसाद खरे ने की। ट्रस्ट के सचिव राकेश शुक्ला ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात ट्रस्टी योगेंद्र प्रताप सिंह ने छतरपुर की स्थापना दिवस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महाराजा छत्रसाल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. बहादुर सिंह परमार ने महाराजा छत्रसाल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराजा छत्रसाल के राज्य की अहम भाषा बुंदेली घर-घर में बोली जानी चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी से बुंदेली व्यंजनों और संस्कृति के प्रचलन पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित लखनलाल चौरसिया ने कहा कि छतरपुर शहर के स्थापना दिवस कार्यक्रम को सार्वजनिक तौर पर संपन्न होना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को छतरपुर नगर के उद्भव आदि की जानकारी मिल सके।

लोक गायिका उर्मिला पांडे ने बुंदेली गीतों में फूहड़ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बुंदेली में इतने प्रकार के गीत हैं जिन्हें हम जन-जन तक पहुंचाकर बुंदेली संस्कृति को आगे बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर छत्रसाल स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने लोक गायिका उर्मिला पांडे, साहित्यकार प्रभा विधु और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक्टर बहादुर सिंह परमार को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिप्रकाश खरे ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन पंकज पहारिया ने किया।

## सड़क बनी न शौचालय, सुविधाओं को तरसे ग्रामीण

**छतरपुर, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छतरपुर की ग्राम पंचायत कदवां के लोग उपेक्षा और अधूरे विकास का खामियाजा भुगत रहे हैं।

गांव में प्रधानमंत्री आवास, शौचालय तो बनाए नहीं गए सड़क व नाली भी नहीं बन सकी है। जलप्रबंधन की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया जिससे गर्मियों में लोग पानी के लिए तरसने लगते हैं। वहीं काम कराए बिना योजना राशि निकालकर पंचायत प्रतिनिधि मलाई खा रहे हैं।

ग्रामीणों की शिकायत है कि पुराने सरपंच के कार्यकाल में गांव में बिना निर्माण कार्य कराए और पुराने कामों को नया दिखाकर लाखों रुपयों का सीधे-सीधे गबन किया गया है। बड़ी चालाकी से बजट का पूरा खर्च कागजों पर तो दिखाया गया पर गांव में प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, नाली, सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। पानी की आपूर्ति के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए।

ग्राम के ज्यादातर लोग आज भी कच्चे मकानों व झोपड़ियों में रहते हैं और सुबह खेतों में शौच करने जाते हैं। पंचायत कदवां के ग्रामीण गर्मियों में पीने के पानी के लिए तरसते हैं। कुल मिलाकर कदवां गांव में अधूरे और उपेक्षित विकास का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों ने पीड़ा सुनाकर लगाए आरोप

ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा सुनाते हुए बताया कि गांव में अधिकांश ग्रामीणों के कच्चे मकान है। वे आवास के लिए कई सालों से चक्कर काट रहे हैं। आज तक उनके नाम से आवास मंजूर नहीं हो सका है। उन्होंने बताया उनके गांव में नाली निर्माण कार्य नहीं कराया गया, जबकि इसके नाम पर लाखों रुपये निकाल लिए गए हैं।

ग्रामीणों ने बताया पंचायत में आवास और शौचालय योजना का लाभ पहुंच वालों को दिया गया है, पात्र जरूरतमंद इससे वंचित हैं। सभी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस मनमानी व काली कमाई की जांच व कार्रवाई की मांग की गई है।

## पिता पुत्र की हत्या करके शव कुए में फेंके, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर के वार्ड 15 घेरमपुरवा में खेत की रखवाली करने गए पिता पुत्र की संदिग्ध हालातों में हत्या करके शव कुए में फेंकने के बाद आरोपी फरार हो गए है। पुलिस ने कुए से शवों को निकलवाकर जांच शुरू कर दी है।

महाराजपुर थाना के वार्ड क्रमांक 15 घेरापुरवा निवासी राजू कुशवाहा अपने 22 वर्षीय पुत्र मोहित कुशवाहा रात 8 बजे खाना खाकर बलकट से लिए खेत पर पानी लगाने घर से निकले थे। वे गुरुवार सुबह 11.00 बजे तक जब घर नहीं पहुंचे तो खेत पर घरवाले पहुंचे। यहां वहां देखा जब कहीं नहीं दिखाई दिए तो कुएं में झांककर देखा। गहराई में राजू एवं पुत्र मोहित के शव कुए की गहराई में दिखाई दिए। इसकी सूचना महाराजपुर थाने में दी गई। मौके पर पुलिस बल पहुंचा और पम्प से पानी खाली करके दोनों शवों को कुए से बाहर निकलवाया। राजू कुशवाहा के सिर में गंभीर चोट के निशान थे और खून बह रहा था। बिजली के मोटे तार से राजू गले से लेकर पैरों तक जकड़ा मिला। इसी तरह मृतक मोहित कुशवाहा के हाथों में सफेद रंग का गमछा बंधा था। हालात और साक्ष्य बता रहे थे कि दोनों की हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि शवों का पंचनामा कराके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के चचेरे भाई पार्षद राजबहादुर कुशवाहा ने अपने भाई और भतीजे की हत्या के आरोप लगाए है।


## आस्था और उत्साह से मनाई गई देवउठावनी एकादशी



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरूवार को भारतीय संस्कृति के अनुसार देवउठावनी एकादषी परंपरागत तरीके से विधिविधान से मनाई गई। इस दिन जगह जगह तुलसी का शालिगराम से विवाह कराया गया। जिसमें लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

पूरे बुदेलखंड अंचल में सर्वसिद्धि योग और रवि योग के शुभ संयोग के बीच गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी शालिगराम के विवाह की रस्मअदायगी की गई। कई जगह इस मौके पर लग्न, बारात सहित विवाह की कई तरह की रस्में निभाई गईं। पं राजेश शर्मा ने बताया कि इस बार देवउठावनी एकादशी गुरूवार को खास मुहूर्त में मनाई जा रही है। उत्तर भद्र नक्षत्र और ब्रज योग में देर रात तक खास संयोग बना है। इस मौके पर खासतौर से गन्ना का मंडप बनाकर, मौसमी फलों को रखकर पूजा की जाती है। इस कारण गन्ना पर मंहगाई का असर देखा गया। आमदिनों की तुलना में दस से बीस रूपये में बिकने वाला गन्ना आज पचास से अस्सी रूपये में बिका। मगर आस्था के आगे मंहगाई बेअसर रही और उत्तर प्रदेश से ट्रकों व ट्रैक्टर में भरकर लाये गन्ने की जमकर खरीददारी की गई। दिन भर देवउठावनी एकादशी का उल्लास चलता रहा। रात में कई जगह विवाह कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## देव उठावनी बुकरिया ग्यास से शादी गृह प्रवेश शुरू



**नौगाँव, देशबंधु।** सनातन धर्म परम्परा अनुसार देव उठावनी ग्यारस तुलसी विवाह के साथ सम्पन्न हुई अब शादी विवाह शुभ कार्य प्रारंभ हो जायेगे सनातन धर्म रीत रिवाज में ग्यारस की शाम देवताओ की पूजा आरचना कर अपने देव स्थान पर आने का आव्हान किया जाता है इसमें प्रमुख रूप से श्रीहरि की प्रार्थना की जाती है क्योंकि श्रीहरि को जगत का पालन हार माना जाता है उन्हें मनाते हुए कहा जाता है श्रीहरि जगत में पधार मान हो और संसार का संचालन अपने हिसाब से करे इस लोक में आपकी जो परम्पराये है उनका निर्वहन कर भक्तो पर कृपा रूपी आशीर्वाद बनाये रखे।

## फैजउद्दीन बने युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**आष्टा, देशबन्धु।** युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया द्वारा पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा की अनुशसा पर आष्टा निवासी युवक कांग्रेस का प्रदेश सचिव फैजुद्दीन को नियुक्त किया गया । नियुक्ति पत्र स्थानीय बाईपास पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने फैजउद्दीन को सौंपा। फैजउद्दीन की नियुक्ति पर उन्हें बधाई देने वालों में एआईसीसी मेंबर हरपाल ठाकुर, कमल सिंह चौहान, घनश्याम जांगड़ा, गुलाब बाई ठाकुर, जितेंद्र शोभाखेड़ी, सुनील कटारा, जाहिद गुड्डू, खालिद पठान, कांग्रेस प्रवक्ता इसराईल मंसूरी, तोसिफ बाबा, शादाब अली, नफीस शाह, रिजवान खान, अर्जुन अजय, राजेश यादव, गोरे मिया, दिलशाद आदि ने बधाई दी।

## नौगांव से छतरपुर तक 33 किमी लंबे मार्ग का डामरीकरण पूर्णतः की ओर

### बीटीआई कॉलेज से आर्मी कॉलेज तिराहा तक डेंजर जोन का नहीं हुआ निराकरण, नतीजा डामरीकरण के बाद भी सिंगल मार्ग



***नौगांव, देशबन्धु।*** *नौगांव फोरलाइन ब्रिज से लेकर छतरपुर रेलवे स्टेशन तक 33 किमी लंबे मार्ग का शासन के द्वारा 18 करोड़ की लागत से चल रहा डामरीकरण का कार्य पूर्णतः की ओर पहुंच गया। लेकिन डामरीकरण के बाद नौगांव बीटीआई कॉलेज से आर्मी कॉलेज तिराहा तक लगभग 400 मीटर लंबे सिंगल मार्ग का निराकरण नहीं हुआ। जिसके चलते सीगल रोड होने से पिछले कई वर्षों में यहां बहुतायत संख्या में वाहन दुर्घटना हो चुकी हैं, जिसके चलते यह 400 मीटर का यह एरिया डेंजर जोन बन चुका है। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष ने इस समस्या के निदान के लिए कलेक्टर से मिलकर हल कराने को बात कही है।*

*नौगांव झांसी मार्ग ओवर ब्रिज से लेकर छतरपुर रेल्वे स्टेशन तक के लिये कुल लंबाई 33 किमी का रोड का नवीनीकरण व डामरीकरण स्वीकृत कार्य करीब 18 करोड़ कीअधिक राशि से यह निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन हादसो के लिये हालात की बात करे तो वह जस के तस है, क्योकि कहीं कही इस रोड की चौड़ाई कम है और नौगांव क्षेत्र की बात करे तो बीटीआई के पास से लेकर छतरपुर रोड पर इस मार्ग की चौड़ाई कम है एकबार नहीं कई बार पेंच वर्क और डामरीकरण होने के कारण यह रोड ऊंची हो गयी और चौड़ीकरण न हो पाने के लिये वाहन क्रॉसिंग के दौरान यहां सडक़ हादसे हो जाते है। वैसे तो यहां कई सडक़ हादसे हुये। ऐसा नहीं है कि रोड के चौड़ीकरण के लिये पहल न की गई हो। कलेक्टर छतरपुर के द्वारा भी विभागीय पत्र लिखकर सडक़ के चौड़ीकरण के लिये सागर अधिकारियों को पत्राचार किया है, लेकिन अभी हालात वैसे ही है।*

*नौगांव फोरलेन ओवर ब्रिज से लेकर छतरपुर रेल्वे स्टेशन तक करीब 33 किमी तक डामरीकरण 18 करोड़ से अधिक राशि का स्वीकृत हुआ जिसमे 10 किमी का कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। जिसमें पांच किमी तक कार्य ब्रिज से लेकर नौगांव की ओर तक और 7 किमी का कार्य छतरपुर तक रामराजा कंस्टेक्शन के द्वारा बाकी का 23 किमी का कार्य कराया जा रहा है। पूरे कार्य में 9 पुलिया भी शामिल हैं।*

***कहीं रोड की चौड़ाई कम तो कहीं ज्यादा :*** *इस 33 किमी रोड पर सडक़ हादसे भी घटित होते है। क्योकि कहीं कहीं रोड कम चौड़ी है और हादसे की प्रमुख वजह होती है रोड के किनारे से रोड की ऊंचाई ज्यादा होना। क्रॉसिंग के दौरान बीटीआई के सामने कई बार सडक़ हादसे हुये। सबसे ज्यादा इस रोड पर कभी परेशानी होती है वह बरसात के दिनो में। बताया जा रहा है कि कहीं पर यह रोड साढ़े चार तो कहीं पांच मीटर तो कहीं सात मीटर चौड़ी है। अगर बीटीआई के समीप रोड की चौड़ाई बढ़ती है तो सडक़ हादसे रूकेगे। हालांकि कलेक्टर संदीप जीआर के द्वारा इस बात को संज्ञान में लिया गया था और पीडब्ल्यूडी विभाग से इस रोड के चौड़ीकरण के लिये पत्राचार किया था। सागर तक रोड के चौड़ीकरण को लेकर पत्राचार हुआ लेकिन हालात वैसे ही है। अब एकबार फिर बीटीआई के सामने रोड पर डामरीकरण हो रहा है, इसबार फिर रोड कुछ ऊंचाई ओर बढ़ेगी।*

***कलेक्टर साहब से फिर मिलेगे :*** *मेरे द्वारा बीटीआई के पास रोड के चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के सागर में पदस्थ ई साहब से बात हुई थी। इस संबंध में कलेक्टर महोदय ने भी लिखित पत्र मांगा था, लेकिन रोड का चौड़ीकरण नहीं हुआ। अगर वहां काम चल रहा है तो मैं कल ही इस संबंध में कलेक्टर महोदय को फिर से पत्र देकर रोड चौड़ीकरण की मांग करेगे।*

***अनूप तिवारी,*** *नपाध्यक्ष नौगांव*

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 24 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# रामदेव पर सुप्रीम कोर्ट का शिकंजा

योग गुरु के रूप में प्रसिद्धि पाने के बाद आयुर्वेदिक दवाओं के व्यवसाय में उतरे बाबा रामदेव जैसे-जैसे ख्याति पाते गये, वे नये-नये विवादों में भी घिरते गये हैं। प्रारम्भ में तो उनकी सराहना हुई कि उन्होंने भारतीयों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। उनके योग शिविरों में लोगों ने भारी-भरकम शुल्क देकर योग सीखा। इसके बल पर उन्होंने अपना बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया। अंग्रेजी दवाओं के खिलाफ उन्होंने बड़ा अभियान चलाया। इसे उन्होंने भारत की परम्परागत उपचार विधि पर हमला बताया। बाद में वे हरिद्वार के अलावा विभिन्न राज्यों में स्वयं के आयुर्वेदिक दवाओं के कारखाने खड़े करते गये तथा एक तरह से उनके पास हर बीमारी का इलाज मानों उपलब्ध था। वैसे तो उनके इलाज एवं दवाओं को प्रारम्भ से ही आधुनिक प्रणाली के लोग शंका की नज़र से देखते रहे हैं, परन्तु अपने प्रचार तंत्र और सत्ता से नज़दीकियों के कारण उनके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई कभी नहीं की जा सकी।

अलबत्ता अब सुप्रीम कोर्ट में पतंजलि को कड़ी फटकार मिली है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से दायर एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने पतंजलि को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके उत्पादों को लेकर किसी भी तरह के भ्रामक विज्ञापन जारी किये गये तो हर विज्ञापन पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। शीर्ष कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को भविष्य में किसी भी तरह के भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने से बचने की सलाह देते हुए यह भी कहा कि ऐसा प्रेस बयान भी न दिया जाये जिससे कोई भ्रम फैले। वैसे सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी के बाद रामदेव ने यह आरोप लगाया कि पतंजलि के खिलाफ ड्रग माफिया द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने इस बात से इंकार किया कि वे कोई गलत प्रचार कर रहे हैं। बुधवार को हरिद्वार में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर रामदेव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर पतंजलि कोई गलत प्रचार करेगा तो उस पर जुर्माना लगेगा। रामदेव ने मुख्य न्यायाधीश के समक्ष स्वास्थ्य लाभ लिये हुए मरीजों की परेड करने की भी चुनौती देते हुए कहा कि गलती करने पर वे एक हजार करोड़ रुपये का जुर्माना भरने व फांसी चढ़ने के लिये भी तैयार हैं।

रामदेव पहले तो योग करने-कराने में व्यस्त रहे लेकिन बाद में उन पर देश से भ्रष्टाचार खत्म करने का भूत सवार हो गया। वे एक दशक पहले हुए अन्ना हजारे के लोकपाल आंदोलन से जुड़ गये थे। उनकी लोकप्रियता ऐसी थी कि जब वे दिल्ली के रामलीला मैदान में चल रहे धरने में भाग लेने के लिये पहुंचे तो डॉ. मनमोहन सिंह की तत्कालीन कांग्रेस प्रवर्तित केन्द्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री उन्हें लेने व मनाने पहुंचे थे। यह अलग बात है कि आंदोलन को खत्म करने के लिये जब लाठी चार्ज हुआ तो मंच से कूदकर भागने वालों में वे सबसे आगे थे। उनके अनुयायियों ने उन्हें महिला के कपड़े पहनाकर सुरक्षित निकाला था।

मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम करने में जिन लोगों का प्रमुख हाथ था उनमें रामदेव भी थे। उनका दावा था कि अगर विदेशों में भारतीयों का रखा कथित भ्रष्टाचार का पैसा वापस आ जाये तो पेट्रोल पानी के भाव से मिलेगा और हर गांव समृद्ध होगा। उनकी भारतीय जनता पार्टी से नज़दीकियां बढ़ती चली गयीं। बताया जाता है कि अनेक राज्यों में उन्हें दवा निर्माण के लिये फैक्ट्रियां लगाने के लिये बहुत सस्ते में जमीनें मिल गयीं। हालांकि उन पर आरोप है कि उनकी दवाएं अमानक होती हैं तथा बहुत से ब्रांड उन्होंने आऊटसोर्स कर दिये हैं। यानी वे खुद नहीं बनाते। यह जानकर कि उनके प्रति लोगों का विश्वास व श्रद्धा इतनी है कि वे किसी भी कीमत पर उनकी दवाएं खरीद लेंगे, पतंजलि के उत्पाद काफी महंगे होते हैं व देश भर में उनकी दवाओं की मांग है। अब रामदेव केवल दवा नहीं बनाते बल्कि खाद्य सामग्रियां, सौंदर्य प्रसाधन का उत्पादन भी करते हैं। विदेशी संस्कृति की आलोचना करने वाले, भगवा वस्त्रधारी रामदेव को जीन्स के परिधान बनाने से भी परहेज नहीं रह गया। उनके उत्पादों पर कई बार आपत्तियां उठाई गईं लेकिन सत्ताधीशों के समर्थन से उन पर आंच तक न आई। भ्रष्टाचार व महंगाई पर वे अब कुछ नहीं कहते।

कोरोना काल में भी रामदेव ने भ्रम फैलाने का कार्य किया। जब करोड़ों लोग आधुनिक तकनीकों से किए गए शोधों के आधार पर एलोपैथी प्रणाली के टीके व दवाओं से अपनी जान बचा रहे थे, रामदेव ने इसकी निरर्थकता का प्रचार करते हुए आनन-फानन में तैयार अपने उत्पादों को रामबाण बतलाते हुए उसे बड़े पैमाने पर बेचा। आईएमए ने इस पर आपत्ति उठाई कि पर्याप्त शोध एवं आवश्यक अवधि तक प्रभाव देखे बिना पतंजलि अपनी कथित कोरोनारोधी दवाएं बेच रहा है। इस पर अपने समर्थकों, अनुयायियों एवं मुख्य धारा के मीडिया के जरिये एलोपैथी प्रणाली के खिलाफ उनके द्वारा अभियान ही छेड़ दिया गया। यहां तक कि संस्था को ईसाई बतलाया गया। उस दौरान उठे एलोपैथी बनाम आयुर्वेद विवाद का फायदा भी उन्होंने जमकर उठाया। परिणामस्वरूप कई लोगों ने एलोपैथी की बजाय पतंजलि के उत्पाद लेने प्रारम्भ किये।

योग से शुरू कर रामदेव की बनाई मल्टी-प्रोडक्ट्स वाली कम्पनी से किसी की दुश्मनी नहीं है। हर कोई अपना व्यवसाय कर सकता है लेकिन उसके लिये सभी आवश्यक नियमों का पालन ज़रूरी है। विशेषकर लोगों को भ्रमित कर अपना व्यवसाय करना सामाजिक हितों के खिलाफ है क्योंकि अमानक दवाएं हों या खाद्य सामग्रियां, वे जानलेवा होती हैं।

# एक आदमी की बर्खास्तगी क्यों हिला रही है वैश्विक तकनीकी गतिविधियां?

■ अंजन रॉय

सैमऑल्टमैन रातों-रात विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हो गये हैं, इसलिए नहीं कि उन्होंने पहले ही कुछ हासिल कर लिया था जो कि मौलिक था, बल्कि इसलिए क्योंकि उनके द्वारा स्थापित स्टार्टअप फर्म के निदेशक मंडल ने उन्हें बिना गंभीरता से सोचे-समझे ही बर्खास्त कर दिया था।

सैमऑल्टमैन कम उम्र में ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करने में अपनी भूमिका के लिए एक किंवदंती बन गये थे, जिसे बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। उस आधार पर, उनकी फर्म, ओपन एआई ने 'चैटजीपीटी' सॉफ्टवेयर विकसित किया था। यह एक बहुमुखी एआई मॉडल है जो बहुआयामी नई प्रौद्योगिकी व्यवस्था का चमत्कार था।

अब, वस्तुत: इस प्रणाली के निर्माता को उस कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा बाहर निकाल दिया गया, जिसके वे अध्यक्ष थे और जिसने चैटजीपीटी सॉफ़्टवेयर का निर्माण किया था। प्रथम दृष्टया, यह फर्म के प्रमुख, ऑल्टमैन और इसके मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी के बीच व्यक्तित्व का टकराव था। ऑल्टमैन को बर्खास्त करने का कारण यह बताया गया कि बोर्ड के साथ उनके संचार भ्रामक थे और उन्होंने पर्याप्त जानकारी नहीं दी थी।

सैम को बर्खास्त करने से ओपन एआई के शेयर की कीमतों में तुरंत गिरावट आई। निवेशक बोर्ड के खिलाफ़ हो गये और उससे ऑल्टमैन को कंपनी में वापस बुलाने के लिए कहा। अन्य स्टाफ सदस्य भी परेशान थे और एक पत्र में उन्होंने मांग की कि सैमऑल्टमैन को वापस लाया जाये। ऐसा कहा जा सकता है कि बोर्ड को अपमानित किया गया।

लेकिन फिर, जब तक निवेशकों और कर्मचारियों ने प्रतिक्रिया दी, तब तक कुछ और हो चुका था। माइक्रोसॉफ्ट, जिसने ऑल्टमैन के ओपन एआई का समर्थन किया था, ने इस खबर पर हल्की प्रतिक्रिया व्यक्त की और उसे सीधे माइक्रोसॉफ्ट के भीतर एक इन-हाउस एआई टीम चलाने के लिए भर्ती किया। सैमआल्टमैन को माइक्रोसॉफ्ट के अपने एआई संगठन का सीईओ घोषित किया गया।

वह माइक्रोसॉफ्ट के लिए दोधारी तलवार थी। सॉफ्टवेयर दिग्गज ने पहले ओपन एआई को एक स्टार्टअप के रूप में बढ़ावा देने के लिए 3अरब डॉलर खर्च किये थे और अपने अधिक पारंपरिक और लंबे समय से स्थापित सॉफ्टवेयर उत्पादों के साथ-साथ चैटजीपीटी सॉफ्टवेयर को उपलब्ध कराने के लिए उत्सुकता से काम लिया था।

माइक्रोसॉफ्ट के लिए एक समस्या है। इस कंपनी पर 3अरब डॉलर खर्च करने के बाद भी, क्या वह सो रहा था जब ओपन एआई में तूफ़ान बढ़ रहा था? कंपनी के इतने बड़े निवेशक को इसकी भनक तक नहीं थी कि कंपनी में क्या हो रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के निवेशक निश्चित रूप से मुद्दे उठायेंगे।

एक भी आदमी को हटाने पर भयंकर तूफानी हवाएं उभरीं जो उच्च प्रौद्योगिकी दुनिया की प्रकृति का संकेत है जिसे हम अब देख रहे हैं। यह उत्तर-औद्योगिक दुनिया है जिसमें हम प्रवेश कर रहे हैं। यहां कार बनाने की तरह असेंबली लाइन उत्पाद नहीं हैं। यह नयी विश्व व्यवस्था व्यक्तियों और विचारों पर केंद्रित है। एक विचार परिचित दुनिया को बदल सकता है। एक एकल विचार का आश्चर्यजनक व्यावसायिक मूल्य हो सकता है।

> **सभी एआई जवाब मूलत: सांख्यिकीय रिसेशन विश्लेषण हैं। अगर आप स्मार्ट फोन यूजर हैं और मैसेज लिख रहे हैं तो आपके स्मार्टफ़ोन में एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर द्वारा आपको अगला शब्द लिखने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जायेगा। अक्सर, यदि आप उच्च-स्तरीय का उपयोग कर रहे हैं, तो संकेत शब्द वही होगा जो आपने सोचा होगा या सबसे उपयुक्त होगा।**

सभी एआई जवाब मूलत: सांख्यिकीय रिसेशन विश्लेषण हैं। अगर आप स्मार्ट फोन यूजर हैं और मैसेज लिख रहे हैं तो आपके स्मार्टफ़ोन में एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर द्वारा आपको अगला शब्द लिखने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जायेगा। अक्सर, यदि आप उच्च-स्तरीय का उपयोग कर रहे हैं, तो संकेत शब्द वही होगा जो आपने सोचा होगा या सबसे उपयुक्त होगा।

मशीन आपको ऐसा कैसे संकेत देती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फोन में अंतर्निहित सॉफ्टवेयर शब्दों के एक विशाल आधार से होकर गुजरता है जो लिखित या मौखिक भाषा में उपयोग किया जाता है। जिन लाखों शब्दों का अध्ययन किया गया है, उनके सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर, भाषा मॉडल ने अनुक्रम में अगले शब्द के आने की संभावना की गणना की थी।

सैमऑल्टमैन की फर्म, ओपन एआई ने इस तकनीक को इस स्तर तक उन्नत किया है कि सॉफ्टवेयर सिस्टम न केवल उपयोग किये जाने वाले अगले शब्द की भविष्यवाणी कर सकता है बल्कि अनेक अन्य सहायता कर सकता है। यह आपको, उदाहरण के लिए, एक कानून परीक्षा प्रश्न (जैसे अमेरिकन बार एसोसिएशन प्रवेश परीक्षा) का उत्तर इतनी अच्छी तरह से देने में सक्षम होगा कि सॉफ्टवेयर आसानी से परीक्षा उत्तीर्ण कर सके।

आम तौर पर यह परीक्षा इतनी कठिन पाई गई है कि बहुत लंबी तैयारी के बाद केवल मुट्ठी भर लोग ही इसमें सफल हो पाते हैं। सैमआल्टमैन की कंपनी का चैटजीपीटी कुछ ही समय में पास हो सकता था। यह उस प्रणाली की शक्ति का उदाहरण है जिसे इस फर्म ने अपने रहस्यमय नेता सैमऑल्टमैन के नेतृत्व में विकसित किया था।

जब चैटजीपीटी उत्पाद की घोषणा की गई और इसे जारी किया गया तो इसने पूरे तकनीकी जगत में सनसनी पैदा कर दी। इसकी कच्ची शक्ति के समान अब तक कुछ भी विकसित नहीं किया गया था। यह प्रणाली चिकित्सा सहित विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए उपयोगी हो सकती है। क्योंकि, सिस्टम किसी विशिष्ट क्षेत्र, जैसे, फुफ्फुसीय रोगों, में अब तक उपलब्ध संपूर्ण ज्ञान में महारत हासिल कर सकता है और इन्हें केस अध्ययन के विशाल डेटाबेस से जोड़ सकता है और फिर किसी व्यक्तिगत मामले का तुरंत निदान कर सकता है।

चैटजीपीटी जारी होने के बाद पत्रकारों को खतरा महसूस हुआ था। डर यह था कि एआई प्रणाली को एक पत्रकार द्वारा जलवायु संकट पर एक लेख तैयार करने के लिए कहा जा सकता है। चैटजीपीटी को एक पत्रकार की शैली और लेखन के तरीके के साथ-साथ अब तक सामने आई बातों को आत्मसात करने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा और फिर वह बहुत ही कम समय में एक लेख तैयार कर सकता है, जिसमें एक पत्रकार को अधिक समय लग सकता है। ऐसे में अखबार पत्रकारों से छुटकारा पा कर ला सकते हैं बिना किसी पत्रकार वाला अखबार है।

वास्तव में, इससे अमेरिका में हॉलीवुड में लंबे समय तक औद्योगिक कार्रवाई (हड़ताल) हुई। अभिनेताओं और पटकथा लेखकों ने महीनों तक अपना काम अटका रखा था। उन्हें डर था कि पटकथा लेखकों के कार्य या यहां तक कि उनके बिना ही अभिनेताओं के अभिनय क्लिप बनाने के लिए उनके मौजूदा अनुबंध में बदलाव किया जा सकता है।

यह एआई सॉफ़्टवेयर के साथ संभव होना चाहिए जो पहचाने गये लेखकों या अभिनेताओं के पहले के कार्यों को एकत्रित करेगा और फिर पिछले प्रदर्शनों के अध्ययन के आधार पर नये आइटम सामने लायेगा। एआई सिस्टम को बस लेखकों या अभिनेताओं के कार्यों की कुछ पूर्व क्लिप की आवश्यकता है।

वास्तव में, हमने हाल ही में ऐसी एआई की शक्तियों का एक दु:स्वप्न प्रदर्शन किया था। एक प्रसिद्ध अभिनेत्री की दृश्य क्लिप का उपयोग एक 'नकली' दृश्य बनाने के लिए किया गया था जिसमें अभिनेत्री अभिनय कर रही थी या ऐसी बातें कह रही थी जो उसने कभी नहीं की थी। साथ ही, यह इतना उत्तम था कि कोई भी यह पता नहीं लगा सकता था कि यह नकली है और एआई सिस्टम द्वारा निर्मित है।

इस प्रकार के एआई तबाही मचा सकते हैं। यह संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था को नष्ट कर सकता है। कल्पना कीजिए, एक प्रमुख राजनेता की पिछली क्लिप का उपयोग किया जाता है और फिर उसके आधार पर कुछ लोगों या कारणों या मुद्दों के खिलाफ आग भड़काने वाला भाषण तैयार किया जाता है। यह विनाशकारी हो सकता है।

इस प्रकार एआई एक खतरनाक नयी दुनिया का निर्माण कर रहा है। कई विशेषज्ञ सोच रहे हैं कि एआई अंतत: मानव बुद्धि को पार कर सकता है और हमारी ज्ञात दुनिया में तबाही मचा सकता है। इन्हें विनियमित करने की आवश्यकता है। वास्तव में एक महत्वपूर्ण मुद्दा जिसके कारण सैमऑल्टमैन और ओपन एआई बोर्ड के बीच दरार पैदा हुई, वह यह था कि फंडरप्रोमोटर एआई द्वारा पैदा किये जा रहे संभावित राक्षसों के दु:खद परिणामों पर विचार करने के लिए तैयार नहीं था।

# रेवड़ी रिवाज की राजनीति, सरकारी खजानों पर भारी

राजनीतिक गलियारों में आजकल फ्री बीज की महंगी राजनीति यानि 'रेवड़ी कल्चर' पर चर्चा जोरों पर है। 'गरीब की थाली में आजकल पुलाव आ गया है... लगता है कि जैसे देश में चुनाव आ गया है' भारतीय राजनीति की हकीकत है। ताज्जुब की बात है कि जनता को दी जाने वाली जिन 'मुफ्त योजनाओं' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'रेवड़ी कल्चर' कहकर सवाल उठाया गया था, आज उन्हीं की पार्टी बल्कि स्वयं चुनावों में भारी-भरकम मुफ्त सौगातों की घोषणाएं करते नजर आ रहे हैं। मंशा साफ है कि ऐन केन प्रकारेण चुनाव जीतना है। आज तमाम राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र इसी फ्री बीज यानि 'मुफ्त योजनाओं' वाली सियासी वादों एवं दावों से भरी पड़ी है।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में लोक-लुभावनी घोषणाओं की जिस तरह से झड़ी लगी है, बल्कि कहा जाये कि बरसात हो रही है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस तरह की नीतियां, योजनाएं या कार्यक्रमों का विरोध करने वाले इसे फ्री बीज यानि 'रेवड़ी कल्चर' कहते हैं, जबकि इसके समर्थक इसे 'कल्याणकारी योजनाएं' कहते हैं।



डॉ. लखन चौधरी

> **क्या इस तरह के मुफ्त उपहारों यानि फ्री बीज योजनाओं से चुनाव दर चुनाव जीतना एक तरह से सरल या आसान है? क्या रेवड़ी कल्चर चुनाव जीतने की गारंटी है? सवाल यह भी है कि क्या बगैर मुफ्त घोषणाओं के चुनाव जीतना असंभव है? आखिरकार क्यों फ्री बीज चुनावी राजनीति की धुरी बनती जा रही हैं?**

'मुफ्त योजनाओं' यानि 'रेवड़ी कल्चर' से असहमति रखने वालों का तर्क है कि इससे सरकारी खजाने पर भार पड़ता है, सरकार के ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ता है, जो अंतत: अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी, घातक और अहितकारी सिद्ध होता है। राजनीतिक पार्टियां अपनी सियासी नफा-नुकसान के लिए करती हैं। इसके समर्थकों का मानना है कि इससे गरीबों को मदद मिलती है।

हर एक राजनीतिक दल दूसरे दल पर आरोप लगा रहा है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज के लिए फलां, अमुक या दूसरे दल जिम्मेदार हैं, उनकी पार्टी तो केवल ठोस योजनाओं की बात करती है। राजनीतिक दल अपने दल की घोषणाओं को कल्याणकारी योजनाएं करार दे रहीं हैं, और दूसरे दलों की योजनाओं को रेवड़ी कहकर राज्य-देश हित के विपरीत और जनहित के लिए विनाशकारी करार दे रहीं हैं।

सवाल उठता है कि क्या इस तरह के मुफ्त उपहारों यानि फ्री बीज योजनाओं से चुनाव दर चुनाव जीतना एक तरह से सरल या आसान है? क्या रेवड़ी कल्चर चुनाव जीतने की गारंटी है? सवाल यह भी है कि क्या बगैर मुफ्त घोषणाओं के चुनाव जीतना असंभव है? आखिरकार क्यों फ्री बीज चुनावी राजनीति की धुरी बनती जा रही हैं? एक वक्त था जब चुनावी घोषणापत्रों में राजनीतिक दलों की विचारधारा, नीतियां और राजनीतिक दर्शन के झलक होते थे, आज चुनावी घोषणापत्र मुफ्त उपहारों की नुमाईशों यानि रेवड़ी बांटने की गारंटी का पुलिंदा बनकर रह गए हैं।

ज्ञातव्य है कि इसके पहले भी याचिका में चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्री बीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की गई है। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों की मान्यता रद्द करनी चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्री बीज की परिभाषा तय करने की अपील की है। केंद्र ने कहा कि अगर फ्री बीज का बंटना जारी रहा तो यह देश को 'भविष्य की आर्थिक आपदा' की ओर ले जाएगा, लेकिन यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि क्या स्वयं केन्द्र सरकार भी यही नहीं कर रही है?

मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार अपनी कुल कर कमाई का 35 से 40 फीसदी हिस्सा फ्री बीज पर खर्च कर रहें हैं। आरबीआई की 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्ट में सामने आया है कि मप्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य टैक्स की कुल कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा फ्री की योजनाओं पर खर्च कर देते हैं। पंजाब सरकार 35.4 फीसदी के साथ सूची में शीर्ष पर है। मप्र में यह हिस्सेदारी 28.8 फीसदी, राजस्थान में 28.6 फीसदी है। आंध्रप्रदेश अपनी आय का 30.3 फीसदी, झारखंड 26.7 फीसदी और बंगाल 23.8 फीसदी फ्री बीज के नाम पर खर्च कर रहे हैं।

इससे सरकारों का बजट घाटा बढ़ता है, जिससे राज्य ज्यादा कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में आय का बड़ा हिस्सा ब्याज अदायगी में चला जाता है। पंजाब, तमिलनाडु और पं. बंगाल अपनी कमाई का 20 फीसदी, मप्र 10 फीसदी और हरियाणा 20 फीसदी से अधिक ब्याज भुगतान पर खर्च कर रहे हैं। इस समय पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का 48 फीसदी, राजस्थान पर 40 फीसदी, मध्यप्रदेश पर 29 फीसदी तक कर्ज है, जबकि यह 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मप्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने पिछले सात सालों में करीब 1.39 लाख करोड़ की फ्री बीज दीं या घोषणाएं कीं है। रेवड़ी योजनाओं की वजह से पंजाब का घाटा 46 फीसदी बढ़ चुका है, और सबसे खराब स्थिति में है। पंजाब में बिजली सब्सिडी 1 साल में 50 फीसदी बढ़कर 20,200 करोड़ रूपए हो चुकी है।

'मुफ्त योजनाओं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' के दुष्परिणामों की चर्चा करते हुए श्रीलंका की अर्थव्यवस्था की बदहाली का उदाहरण दिया जाता है। भारत में इसकी शुरूआत की बात की जाए तो 2006 वह साल था जब तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से 'रेवड़ी कल्चर' का शुभारंभ हुआ है। उस समय डीएमके ने चुनाव जीतने यानि उनकी सरकार बनने पर राज्य के प्रत्येक परिवार को मुफ्त में रंगीन टेलिविजन सेट देने का वादा किया था, और इसके पीछे तर्क दिया था कि इससे महिला साक्षरता बढ़ेगी। इसका प्रभाव यह हुआ कि डीएमके पार्टी चुनाव जीत गई और इस पर 750 करोड़ खर्च हुआ। यह अलग बात है कि 2011 में इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, लेकिन 2011 के ही तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एआईडीएमके ने इसी तरह के कई वादे किये और अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। इसका मतलब है कि 'मुफ्त योजनाएं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' चुनाव जीतने की गारंटी हैं, और तब से लेकर अब तक तमाम विरोधों के बावजूद 'मुफ्त योजनाओं' अर्थात 'रेवड़ी कल्चर' की भरमार है।

## पावन प्रसंग

# भगवान श्री हरि और रुद्र की कृपा का पर्व है- बैकुंठ चतुर्दशी

हिंदी महीनो में श्रावण मास एवं कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है। भगवान शिव की आराधना के लिए श्रावण मास में श्रद्धालु जलाभिषेक से लेकर दुग्धाभिषेक और महामृत्युंजय पाठ कर सृष्टि के संहारक भगवान भोलेनाथ से कुशल क्षेम की प्रार्थना करते हैं। कार्तिक मास में जहां हम मां लक्ष्मी की पूजा दीपावली के रूप में करते हैं, वहीं कार्तिक स्नान का महत्व भी पुराणों में बताया गया है। कार्तिक मास की महत्ता यहीं आकर नहीं रुक जाती। कार्तिक माह के अंतिम दिनों में एक तिथि ऐसी भी आती है, जो हिंदू धर्मावलंबियों को सृष्टि के पालन और संहारक भगवान विष्णु और शिव-शंकर की एक साथ पूजा का अवसर प्रदान करने वाली कही गई है।

पुराणों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि देवशयनी एकादशी के दिन जब भगवान श्री नारायण क्षीरसागर में आराम के लिए प्रस्थान करते हैं,तब वे इस संसार के परिचालन की जिम्मेदारी भगवान भोलेनाथ को सौंप देते हैं। जब वे चार माह बाद जागते हैं और हम तुलसी विवाह का पर्व मनाते हैं, तब वह देवउठनी एकादशी होती है। इसे हम प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व के ठीक चौथे दिन चतुर्दशी तिथि होती है इसे ही हम बैकुंठ चतुर्दशी के नाम से जानते हैं। इसी तिथि को देव दिवाली भी कहा जाता है । आषाढ़ शुक्ल पक्ष से लेकर कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रबोधिनी एकादशी तक संसार की सत्ता संभालने वाले भगवान भोलेनाथ बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान श्री नारायण को सत्ता सौंपते हैं।

भगवान विष्णु को संसार की सत्ता वापस सौंपने के लिए भगवान शिव और विष्णु जी की आपस में भेंट होती है। पुराणों में ऐसे कथानक मिलते हैं कि इसी भेंट के दौरान शिवजी पर तुलसी दल और विष्णु जी पर बेलपत्र गिर पड़ते हैं। पुराणों के इसी कथानक के चलते वर्ष में एक बार बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान शिव पर तुलसी दल और श्री नारायण पर बेलपत्र चढ़ाया जाता है। इस तिथि के उपरांत और न तो इससे पहले शिवजी पर तुलसी चढ़ाई जाती है और न ही श्री नारायण पर बेलपत्र चढ़ाया जाता है कि बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान भोलेनाथ और भगवान विष्णु की एक साथ पूजा कर प्रति बैकुंठ प्रताप की कामना करते हैं। संसार के पालनकर्ता और सहायिका की पूजा का प्रावधान चतुर्थी तिथि पर चतुर्दशी तिथि पर निश्चित काल अर्थात अर्धरात्रि में करने की बात कही जाती है यह भी मानना है कि इस दिन श्रद्धा और तर्पण का विशेष महत्व होता है ऐसे कथानक भी मिलते हैं कि इसी बैकुंठ चतुर्दशी पर महाभारत के युद्ध में मारे गए लोगों का श्राद्ध कर्म भगवान श्री कृष्ण ने करवाया था। वैष्णवन के आराध्य श्री नारायण एवं से लोगों के आराध्य भगवान शिव के भक्तों के लिए बैकुंठ चतुर्दशी को पारस्परिक एकता का प्रतीक माना जाता है। इस पावन पर्व अथवा धार्मिक परंपरा को हरिहर मिलन भी कहा जाता है। इस दिन दोनों आराध्यों की पूजा निम्न मंत्र द्वारा की जानी चाहिए-

विना यो हरि पुजाम तु, कुर्याद रुद्रस्य चार्चनम।
वृथा तस्य भवेत्पुजा, सत्यन्मेत द्वचो मम।।

बैकुंठ चतुर्दशी के दिन घर के द्वार में 14 दीपक जलाने से भगवान विष्णु और शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। भगवान शिव और विष्णु जी की पूजा एक साथ करने का अवसर बहुत ही कम आता है। भगवान विष्णु बैकुंठ चतुर्दशी के दिन सत्ता पाने के बाद यह संकल्प लेते हैं कि वे वाराणसी में विशेष अवसर पर 1000 कमल पुष्प से शिवजी की पूजा करेंगे। जब वे इस प्रकार की आराधना में लीन हुए तो पाया गया कि 1000 कमल पुष्प में से एक पुष्प गायब है। पूजा में व्यवधान न पड़े इस विचार के साथ भगवान श्री नारायण ने यह सोचकर कि उनका एक नाम कमल नयन भी है, अत: उन्होंने अपनी एक आंख भगवान शिव के चरणों में अर्पित कर दी इससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने उनकी आंख उन्हें वापस कर पूजा स्वीकार की।

**सूर्यकान्त मिश्रा**

## आपके पत्र


# सीमित संसाधनों पर जनसंख्या का बोझ

भारत की विशाल जनसंख्या आजकल राजनैतिक गलियारों में खासी चर्चा का विषय बनी हुई है। भारत की बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में मशहूर विचारक गार्नर का कहना है कि जनसंख्या किसी भी राज्य के लिए उससे अधिक नहीं होनी चाहिए जितनी साधन संपदा उसके पास है। जनसंख्या किसी देश के लिए तब तक वरदान होती है, जब तक वह अपनी सीमा रेखा के पार ना जाए। पार जाने के बाद वह धीरे-धीरे अभिशाप का रूप लेने लगती है। वर्तमान समय में भारत की जनसंख्या चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। हमारे सामने अभी जनसंख्या विस्फोट की बड़ी समस्या है पर विगत 20 वर्षों से पूरे विश्व के उपभोक्ता सामानों के उत्पादक कंपनियां इसे बड़ी पोटेंशियलिटी यानी बड़ी ताकत मानती है,अभी भारत की जनसंख्या अनुमानित 140 करोड़ के लगभग है पर हिंदुस्तान में 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 121 करोड़ जनसंख्या निवास करती है। यह विश्व की जनसंख्या की 17.4प्रतिशत होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय की जनसंख्या 36 करोड़ थी, और आज हम 140 करोड़ से कहीं ऊपर जा चुके हैं । आज के उपभोक्तावादी समय में कोई इसे बड़ी समस्या मानने को तैयार नहीं है। राजनेता वोटो की राजनीति के चलते इस पर मौन साधे बैठे हुए है। इसकी तरफ कोई ध्यान भी देने को राजी नहीं है।

मशहूर अर्थशास्त्री माल्थस ने कहा है कि जनसंख्या ज्यामितीय अनुपात में आगे बढ़ती है, और उत्पादन अंक गणित के हिसाब से आगे बढ़ता है। उन्होंने यह कहा है कि जनसंख्या के अत्यधिक बढ़ जाने से उसे महामारी तथा प्राकृतिक विपदा से अपने नियंत्रण में कर लेती है। जनसंख्या के संदर्भ में यह बात सही ही उतरती है। कोरोना ने पूरी वैश्विक जनसंख्या को जिस तरह अपने संक्रमण में लिया था, और लाखों लोगों को मौत के घाट उतारा। ऐसे में अर्थशास्त्री माल्थस की भारत के सन्दर्भ में भविष्यवाणी सच होती दिखाई देती है। वैसे तो भारत में जनसंख्या के विस्फोट के कई कारण हैं, जिनमें जन्म-मृत्यु का असंतुलन, कम उम्र में विवाह, अत्यधिक निरक्षरता,धार्मिक दृष्टिकोण, निर्धनता मनोरंजन के साधनों की कमी, एवं अंधविश्वास हैं पर आज वैश्विक स्थिति में भारत बड़ी उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के लिए एक बहुत बड़ा और सशक्त आर्थिक स्थिति पैदा करने वाला बाजार है। इस बाजार में आधिपत्य जमाने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर फैलाने की कोशिश कर रही है। भारत तथा विश्व में होने वाले ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भारत की सुंदरियों को विश्व का खिताब जिताने के पीछे उपभोक्तावाद संस्कृति का ही बड़ा हाथ है। इसके पीछे सौंदर्य प्रसाधनों को हिंदुस्तान की जनता को ज्यादा से ज्यादा बेचना भी था। आज हिंदुस्तान की 121 करोड़ जनता को रोजमर्रा के सामान बेचने के लिए देशी विदेशी कंपनियों की होड़ लगी हुई है। भारत में सबसे ज्यादा अमेजॉन विदेशी कंपनी द्वारा भारत में ऑनलाइन सामान बेचने का रिकॉर्ड ही बन गया है। आज इतनी बड़ी जनसंख्या को अनाज तथा भोजन बनाने के सामान को लेकर विश्व की दो बड़ी कंपनियां आमने-सामने हो गई हैं। विदेशी कंपनी अमेज़ान आक्रामक रूप से भारत में अपनी मौजूदगी तथा अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तेजी से प्रयासरत है। उसे पूरी आशा है कि वह उभरते हुए मार्केट पर अपना कब्जा बनाए रखेगी। वहीं दूसरी तरफ भारत की बहुत बड़ी कंपनी रिलायंस भी ई-कॉमर्स मार्केटिंग में घरेलू सामानों को बेचने पर अमादा है। दोनों बड़ी कंपनियों में आज बहुत बड़े तनाव की स्थिति आ गई है।

**संजीव ठाकुर**

# बीपी, शुगर, थायराइड, अस्थमा से लेकर लीवर और कैंसर जैसे रोगों से हजारों लोगों को मुक्त किया



## एक करोड़ से अधिक लोगों का डेटा बेस, रियल वर्ल्ड एविडेंस व क्लिनिकल एविडेंस हमारे पास : पतंजलि

*हरिद्वार, देशबन्धु। पंतजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने अपनी जारी विज्ञप्ति में कहा है, कि हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं और यदि हम झूठे विज्ञापन या प्रोपेगेंडा करें तो हम पर करोड़ों का जुर्माना लगायें या हमें फांसी की सजा भी दे तो हमें आपत्ति नहीं होगी, लेकिन हम झूठा प्रचार नहीं कर रहे हैं। योगायुर्वेद, नेचरोपैथी, पंचकर्म, षट्कर्म की सैकड़ों थैरेपी, उपवास व उपासना पद्धति के इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट से हमने लाखों लोगों रोगमुक्त किया है। बीपी, शुगर, थायराइड, अस्थमा, आर्थराइटिस व मोटापा लेकर लीवर, किडनी फेल्यिर व कैंसर जैसे प्राणघातक रोगों से हमने हजारों लोगों को मुक्त किया। इसका 1 करोड़ अधिक लोगों का डाटाबेस, रियलवर्ल्ड एविडेंस व क्लिनिकल एविडेंस हमारे पास है।*

*हमारे पास ट्रेडिशनल ट्रीटमेंट व सनातन ज्ञान परम्पर शोध करने के लिए विश्व का श्रेष्ठतम रिसर्च सेंटर, पंतजलि रिसर्च फाउंडेशन है। जहां सैकड़ों वर्ल्ड रिनाउंड साइंटिस्ट रिसर्च कर रहे हैं, एवं 3 हजार से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल फालो करके 5 सौ रिसर्च पेपर वर्ल्ड के टॉप रिसर्च जनरल्स में पब्लिस हो चुके हैं।*

*मेडिकल सेक्टर के कुछ हठी, दुराग्रही व योगायुर्वेद व नेचरापैथी का विरोध करने वाले तथाकथित कुंठित डॉक्टरों को बहुत बड़ी समस्या है। यह सत्य है कि सिंथेटिक दवाओं से रोगों को कंट्रोल तो कर सकते हैं लेकिन क्योर नहीं कर सकते। लेकिन एलोपैथी की ये समस्या योग- आयुर्वेद के लिए समस्या नहीं है। मेडिकल फील्ड में नकली पेसमेकर लगाने वाले, किडनी चोरी करने वाले, गैर-जरुरी दवा व अंधाधुध टैस्ट कराकर जो मेडिकल क्राइम कर रहे हैं, उनको हमले कई बार मेडिकल माफिया/ड्रग माफिया कहा था, इससे लड़ाई हुई है। मेडिकल साइंस में जो अच्छे डॉक्टर्स हैं तथा जो लाइफ सेविंग ड्रग्स, इमरजेंसी ट्रीटमेंट व जरुरी सर्जरी है हम उसका पहले भी सम्मान करते थे, आज भी सम्मान करते हैं। साथ ही एलोपैथी से भी एडवासं ट्रीटमेंट जो हमने वेदों आयुर्वेद के महर्षि चरक, महर्षि सुश्रुत व महर्षि धनवंतरी, पंतजलि से प्राप्त किया है, उसको वैज्ञानिकता व प्रमाणिकता से व्यापार के लिए नहीं, उपचार व उपकार की भावना से आगे बढ़ा रहे हैं व बढ़ाते रहेंगे। जरुरत पड़ने पर हम कोर्ट व मीडिया के सामने सारे तथ्य व प्रमाण भी रखने के लिए तैयार है।*

# पैसों के लेनदेन पर 2 पक्षों के बीच विवाद, लोग घायल

**दमोह देशबन्धु।** दमोह के जबलपुर नाका अंतर्गत पैसों के लेनदेन में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हो गये। जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार देहात थाना टीआई आनंद सिंह ने बताया कि दीपक मुड़ा विनोद मुड़ा का विवाद इसी क्षेत्र में रहने वाले सरजू यादव से हो गया है। मुड़ा से सरजू यादव का रुपए का लेनदेन था जिसको लेकर यह विवाद हुआ है। उधर, जयदीप मुड़ा का कहना है कि सरजू यादव से उन्हें पैसे चाहिए थे जो नहीं दे रहा था। रात में जब पैसे मांगे तो उसने गालियां देना शुरू कर दिया और कई साथियों के साथ मेरे पिता और भाई पर चाकू से हमला किया। मैं बीच बचाव कर रहा था तभी मेरे हाथ से धक्का लग गया, जिससे वह डिवाइडर से जाकर टकरा गया। वहीं घायल सरजू यादव को कहना है कि विनोद मुड़ा दीपक मुड़ा और परिवार के लोगों ने मेरे ऊपर चाकू, लाठियां से हमला किया है। जिससे मैं घायल हुआ हूं। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज मामला दर्ज कर लिया है।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली बैठक

# संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना तैयारी एवं व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत रविवार 3 दिसम्बर को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में सुबह 8 बजे से पन्ना जिले की सभी तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना होगी। इस सिलसिले में आज भोपाल से पन्ना पहुंचे संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह ने मतगणना स्थल पर मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभावार स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं सहित विभिन्न कक्षों, कन्ट्रोल रूम और मतगणना परिसर इत्यादि का जायजा भी लिया। निर्वाचन आयोग के ज्वाइंट सीईओ ने मतगणना की सभी व्यवस्थाओं के गहन निरीक्षण उपरांत कहा कि विधानसभा क्षेत्रवार प्रत्येक मतगणना कक्ष में वांछित तैयारी समय पूर्व कर ली जाए।




डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों के साथ ही मतगणना के लिए लगाई जाने वाली टेबलए मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्याए सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मतगणना स्थल परिसर में ठहरे हुए अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर सीसीटीव्ही कैमरों के माध्यम से स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को भी देखा। राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को परिसर में की गई बेहतर व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया गया। श्री सिंह ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित जिला कोषालय के डबल लॉक कक्ष में रखे गए विधानसभावार डाक मतपत्रों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में सभी जानकारियां अभ्यथियों और राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को भी दे दी गई हैं। सीसीटीव्ही कैमरे से संपूर्ण मतगणना परिसर व स्ट्रांग रूम की निगरानी के समुचित प्रबंध किए गए हैं। मतगणना परिसर में एलईडी पर 24 घण्टे लाइव प्रसारण अभ्यर्थियों और उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों द्वारा लगातार देखा जा रहा है। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंहए एसडीएम अशोक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण उपरांत कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर मतगणना तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतगणना की सतत प्रक्रिया के साथ टेबुलेशन व अन्य प्रक्रियाओं की त्वरित कार्यवाही के लिए भी लोकसेवकों की ड्यूटी लगाकर दायित्व के लिए पाबंद करें। इसी तरह कानून व्यवस्था के बेहतर निर्वहन, डाक मतपत्र गणना की प्लानिंग व आवश्यक तैयारी, मतगणना कर्मचारियों के बेहतर प्रशिक्षण, समय पर गणना संबंधी डाटा एंट्री सहित विद्युत आपूर्ति और इंटरनेट के सुचारू रूप से संचालन के लिए बैकअप प्लान तैयार करने के संबंध में भी निर्देश दिए। रिटर्निंग अधिकारी को प्रेक्षक से सतत समन्वय और भारत निर्वाचन आयोग के मतगणना निर्देश संबंधी जानकारी से अद्यतन रहने के लिए भी कहा।


# पापियों को भी भगवान मुक्ति प्रदान करते हैं : पं. शास्त्री



**दमोह/हटा देशबन्धु।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ में पांचवें दिवस की कथा में कथावाचक पंडित हर्षित कृष्ण शास्त्री ने भागवत कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए बताया कि मामा कंस द्वारा भगवान कृष्ण को मारने भेजी गई राक्षसी पूतना को मारकर मुक्ति प्रदान कर उद्धार किया। जब कान्हा को नंद भवन के पास ऊखल में रस्सी से बांधा गया तो वह वहां से भागे ऊखल दो वृक्षो के बीच में फंस गया। भागने से दोनों वृक्षो के गिरने से कुबेर के दोनों पुत्रों का उद्धार किया। 4 वर्ष के होने के पश्चात मैया से गौवे चराने का बालहठ किया। यह छोटे बछड़ो को चराने गए और राजा कंस के द्वारा भेजा गया वृत्तासुर नाम राक्षस भी बछड़े का रूप धारण करके पहुंच गया जिसे उनके बलराम भैया ने पहचान कर मार दिया। गाय में 33 करोड़ देवता निवास करते है, हमें गाय पालना चाहिए गाय का आदर करना चाहिए। गाय के दूध ,दही ,शुद्धघी से अपने शरीर को स्वस्थ बना सकते हैं। सनातनी को गोपालन अवश्य करना चाहिए। कथावाचक ने बताया कि भगवान कृष्ण ने यमुना के जलमें कालिया नाग का मान मर्दन कर यमुना के जल को प्रदूषण से मुक्त किया। इंद्र का घमंड तोड़कर गोवर्धन पर्वत की पूजा करायी । भागवत कथा में छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया गया ।इस अवसर पर कथा श्रवण करने में बड़ी संख्या में महिलाओ एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**दमोह देशबन्धु।** महिला मंडल सुरेखा कालोनी दमोह में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण के चतुर्थ दिवस कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग के मुखारविंद से कथा चतुर्थ दिवस की कथा में प्रवेश कर बताया कि किस प्रकार सुखदेव महाराज ने राजा परक्षित को राम कथा सुनाई और फिर चतुर्थ दिवस की कथा श्री कृष्ण जन्म अष्टमी विशेष में भागवत कथा की शुरुआत राघव सरकार के विवाह उत्सव और जनकपुर के राम सीता की विवाह के उत्साह पर चर्चा की और महाराज जी ने खूब गीत गाये, उसके बाद अगस्त ऋषि की कथा और राम कथा का सूक्ष्म समापन रावण वध के साथ और राज्याभिषेक से समापन किया।



कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग ने श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की कथा का मनोहारी वर्णन करते हुए कहा की भगवान के धरती पर आने का क्या कारण है। जब पृथ्वी लोक पर पाप बढ़ जाते हैं तब भगवान धर्म और धरती की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। वह हमारे जीवन वल्लभ हैं हमारे प्राण हैं।

नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे ही श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग आया तो माता मंदिर सुरेखा कालोनी प्रांगण में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ आया पूरे पंडाल में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों की गूंज रही। ।डाक्टर तरुण श्रीवास्तव एवं महिला मंडल ने सुरेखा कॉलोनी ने आप सभी से अनुरोध है कि कथा श्रवण करने जरूर पधारे।

## मंत्रोच्चार के साथ हुआ दिव्य भव्य तुलसी शालिगराम विवाह

दमोह देशबन्धु। स्थानीय श्रीदेव जानकी रमण जी बूंदाबहू मंदिर में आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज के सान्निध्य में विधिवत तुलसी शालिगराम विवाह कराया गया। इसके पूर्व श्री देव अवधबिहारी परमाबाई कचेरन मंदिर से दिव्य भव्य शालिगराम भगवान की बारात निकाली गई जिसमे बड़ी संख्या में भक्तो की उपस्थिति रही। बारात नगर भ्रमण करती हुई बूंदाबहू मंदिर पहुंची जहाँ पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कीरत सिंह राजपूत सहित समस्त ट्रस्टियो ने बारात का स्वागत किया। वहीं आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज के द्वारा द्वारचार पूजन कराया गया जिसके बाद गन्ने के बनाये हुये मण्डप के नीचे तुलसी जी को चढ़ाउ चढ़ाया गया गठबन्धन भांवर के साथ तुलसी शालिगराम विवाह सम्पन्न हुआ और मंदिर ट्रस्ट के द्वारा ब्राह्मणो को दक्षिणा देकर उनका सम्मान किया गया।

## सत्य साई का 98 वां जन्मोत्सव मनाया गया

**दमोह देशबन्धु।** श्री सत्य साई सेवा संगठन जिला दमोह द्वारा भगवान श्री सत्य साई बाबा जी का 98 वाँ जन्मोत्सव प्राचीन श्री राम मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वेदपाठ व साई भजन की सुमधुर प्रस्तुति से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्याम सुंदर शुक्ला एवं वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे की गरिमामय उपस्थिति रही। नरेन्द्र दुबे द्वारा अपने उदबोधन में बाबा के द्वारा मानवता के प्रति किये गये सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान संत व सद्गुरु निरूपित किया। तथा श्याम सुंदर शुक्ल ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि हम सबसे पहले इंसान बने ओर साई के द्वारा बताए गए जीवन सिद्धान्तों का पालन करते हुए जीवन की दिशा निर्धारित करें। बाल विकास के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ आलोक सोनवलकर, प्रतीक दुबे, चित्तर सींग, सतीश गुप्ता, दीनदयाल नामदेव, देवीसिंह राजपूत, के के मेहता एवं दीपक नेमा का सराहनीय योगदान रहा। दमोह जिला के साई भक्तों ने बढी संख्या में इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी मुख्य अतिथि के द्वारा भगवान बाबा की महा मंगला आरती के बाद प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन हुआ।



## धान उपार्जन कार्य हेतु आवेदन 25 तक जमा होंगे

**दमोह देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर उपार्जन नीति अनुसार जिले में धान उपार्जन कार्य हेतु उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा है उपार्जन केन्द्रों के निर्धारण में सहकारी संस्थाओं के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं म.प्र. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत पंजीकृत महिला स्वसहायता समूहो एवं कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक उत्पादक कम्पनी (एफपी.ओ.) को दिया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने उप संचालक कृषि एवं जिला प्रबंधक एन.आर.एल.एम. से कहा है कि उपार्जन केन्द्र संचालन हेतु पात्र संस्थाओं के आवेदन कार्यालय कलेक्ट्रेट-खाद्य शाखा दमोह में 25 नवम्बर 2023 तक जमा कराने हेतु सूचित किया जाये तथा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं चयन निर्देशानुसार सहायक आयुक्त सहकारिता दमोह, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दमोह एवं जिला आपूर्ति अधिकारी दमोह के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाये।

# संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी खत्री ने मतगणना स्थल का लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 03 दिसम्बर 2023 को स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह में मतगणना संपन्न होगी। इसी के मद्देनजर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री ने मतगणना स्थल का जायजा लिया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, समस्त रिटर्निंग आफीसर सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी खत्री ने मतगणना स्थल पर आवागमन हेतु बनाये गये रूट, मीडियाजनों के लिये बैठक व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, विधान क्षेत्र यथा 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57- हटा (अजा) के लिये बनाये गये मतगणना कक्षों का जायजा लिया। मतगणना स्थल का जायजा लेने उपरांत संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी खत्री ने मतगणना स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सीसीटीव्ही कैमरे, डॉक मतगणना कक्ष, सीलिंग कक्ष, मतगणना में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रवेश, वैरीकेटिंग, दूरभाष, नेटवर्किंग आदि की तैयारियों के संबंध में चर्चा की।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरतंर की जा रही है सैंपल भरने की कार्रवाई



**गुना, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन, रवि शिवहरे एवं लखन लाल कोरी द्वारा फर्म मधुसूदन डेयरी, माथुर कॉलोनी, गुना से दही, मिल्क क्रीम एवं मिश्रित दूध, फर्म काउरस प्राइवेट लिमिटेड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, गुना से दूध एवं मिल्क क्रीम, फर्म शीतल डेयरी, पुरानी गल्ला मण्डी, हाट रोड़, गुना से मिश्रित दूध, मिश्रित दूध एवं घी, फर्म चन्देल डेयरी, गढ़ा कॉम्पलेक्स, हाट रोड, गुना से दूध, फर्म चन्देल डेयरी एण्ड रेस्टोरेंट, जगत टॉकिज के सामने, हाट रोड़, गुना से दूध एवं मावा के नमूने जाँच हेतु लिये गये।

उक्त नमूनों को जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के पूर्व में लिये गये खाद्य नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित खाद्य करोबारकर्ताओं के विरूद्ध प्रकरण न्यायालय में दर्ज कराये गये हैं। जिनमें फर्म मनीष पेठा भण्डार गढ़ा कॉलोनी, हाट रोड, गुना का कोकोनट पाउडर अवमानक पाये जाने पर प्रकरण माननीय न्यायालय अपर कलेक्टर गुना में दर्ज कराया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं नमूना कार्यवाही सतत रूप से आगे भी जारी रहेगी।

# फैजउद्दीन बने युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**आष्टा, देशबन्धु।** युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया द्वारा पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा की अनुशसा पर आष्टा निवासी युवक कांग्रेस का प्रदेश सचिव फैजुद्दीन को नियुक्त किया गया । नियुक्ति पत्र स्थानीय बाईपास पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने फैजउद्दीन को सौंपा। फैजउद्दीन की नियुक्ति पर उन्हें बधाई देने वालों में एआईसीसी मेंबर हरपाल ठाकुर, कमल सिंह चौहान, घनश्याम जांगड़ा, गुलाब बाई ठाकुर, जितेंद्र शोभाखेड़ी, सुनील कटारा, जाहिद गुड्डू, खालिद पठान, कांग्रेस प्रवक्ता इसराईल मंसूरी, तोसिफ बाबा, शादाब अली, नफीस शाह, रिजवान खान, अर्जुन अजय, राजेश यादव, गोरे मिया, दिलशाद आदि ने बधाई दी।


**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि. कं.लि. नगर संभाग सागर**

सागर शहर रेलवे 27 नं. फाटक पर ब्रिज के निर्माण में बाधक आ रहे विद्युत पोलो की शिफ्टिंग हेतु 11 kv न्यू सदर फीडर में विद्युत सुधार कार्य किया जाना है, सुबह 09 बजे से 01 बजे तक 11 kv न्यू सदर फीडर से संबंधित समस्त क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित होगी।

| क्रं. | दिनांक | दिन | उपकेन्द्र/ फीडर | प्रभावित | संबंधित अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24.11.2023 | शुक्रवार | 11 kv सदर फीडर | एस.पी. बंगला, कलेक्ट्रेट बंगला, कैंट क्षेत्र, लाल कुर्ती, परेट चक्र 28 नं. रेलवे गेट, सेट जोसफ स्कूल, हेंग रोड इत्यादि | सहायक अभियंता सी.एस. पटेल-9425450493 कनिष्ट अभियंता मिलन परतेती-9479829276 |

नोट:- आवश्यकतानुसार समय अवधि घटाई बढ़ाई जा सकती है 'बिजली संबंधित शिकायतों की त्वरित निराकरण के लिए 1912 डायल करें'' उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है'

**कार्यपालन अभियंता**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. नगर संभाग सागर**

### लिधौरा बीट में पदस्थ राम सिंह बुंदेला ने बर्दी में की खुदकुशी, फैली सनसनी

# संदिग्ध हालत में पेड़ पर लटका मिला वन रक्षक का शव

## पुलिस जांच में जुटी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बर्दी पहने ही पेड़ पर लटक कर वन रक्षक द्वारा खुदकुशी किए जाने की चर्चाएं फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर तमाशबीनों का मजमा लग गया। सूचना मिलते ही थाना लिधौरा पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारी का शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बताया गया है कि जिले के लिधौरा थाना क्षेत्र के फॉरेस्ट एरिया में वनरक्षक का शव गुरुवार को पेड़ पर बर्दी में ही लटका मिला। जैसे ही लोगों को जंगल में वन रक्षक का शव मिलने की सूचना मिली तो बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल लिधौरा थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतारा।

बताया गया है कि 58 वर्षीय वन रक्षक राम सिंह पिता नवल सिंह बुंदेला का शव बेदोरा जंगल में पेड़ पर लटका हुआ पाया गया। शव मिलने की पर इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही लिधौरा थाने से पुलिस टीम मौके पर जा पहुंची। उन्होंने मौके पर पहुंचकर मृतक कर्मचारी का शव बरामद किया। कहा जा रहा है कि मृतक वनरक्षक राम सिंह लिधौरा बीट में पदस्थ है। आज उसका शव बेदौरा जंगल में चिरोल के पेड़ पर लटका हुआ पाया गया। बताया गया है कि मृतक राम सिंह निकटवर्ती ग्राम इशोन गांव का निवासी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी गई। जानकारी लगते ही मृतक के परिजन सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूंछतांछ के बाद मृतक के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। मृतक के पोस्ट मार्डम पश्चात शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



## आत्म हत्या का लग रहा मामला

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला खुदकुशी का नजर आ रहा है। मामले की सच्चाई पोस्ट मार्डम के पश्चात ही सामने आ सकेगी। पुलिस आत्म हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों से पूंछतांछ में जुट गई है। थाना पुलिस का कहना है कि फ्लिहाल परिजनों ने आत्महत्या के कारणों के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया है। पोस्ट मार्टम और अंत्येष्टि के बाद एक बार फिर परिजनों से बारीकी से पूंछतांछ की जाएगी। उसके बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा।

### बर्मा मांझ गांव में खेत मे पानी भरने पर हुआ विवाद

# बुजुर्ग को गांव के युवक ने पीटा, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बर्मामांझ में बुजुर्ग के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई आरंभ कर दी है। प्राप्त खबरों में बताया गया है कि बुजुर्ग फरियादी रघुनाथ सिंह घोष उम्र 70 साल निवासी बर्मामांझ 20 नवंबर की शाम 5 बजे अपने खेत से घर आ रहे थे, तो रास्ते में गांव का कपिल उर्फ गुंडे घोष मिला, जो बुजुर्ग से खेत में पानी भरने पर गाली गलौज व झगड़ा करने लगा। बुजुर्ग ने गाली देने से मना किया तो कपिल ने बुजुर्ग को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इस घटना में बुजुर्ग की पसली में चोट आ गई। 108 एंबुलेंस से बुजुर्ग को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका उपचार होने के बाद पुलिस थाना में रिपोर्ट की गई। पुलिस ने बुजुर्ग की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई आरंभ कर दी है।

## शराब के नशे में पती ने की पत्नी के साथ लाठी से मारपीट, मामला पंजीबद्ध

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लाखरौन में एक शराबी व्यक्ति ने शराब के नशे में अपनी ही पत्नी की लाठी से मारपीट कर दी। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार फरियादी महिला आभा पत्नी घनश्याम अहिरवार उम्र 40 साल निवासी लाखरौन सोमवार की शाम करीब 7 बजे अपने घर पर थी, तभी महिला का पति घनश्याम अहिरवार शराब पीकर घर पर आया और शराब के नशे में महिला के साथ गाली गलौज व झगड़ा करने लगा। महिला ने गाली देने से मना किया तो आरोपी पति ने लाठी से मारपीट कर दी। इस घटना में महिला के सिर में चोट आ गई। रात होने की वजह से महिला रिपोर्ट को नहीं आ सकी थी। दूसरे दिन महिला ने पुलिस थाना में रिपोर्ट की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### देवउठनी ग्यारस पर शिवधाम में लगा भक्तों का मेला, किया शिवाभिषेक

# शिवधाम कुंडेश्वर में जमढ़ार नदी के तट पर किए कतियारियों ने कार्तिक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** एक ओर देव उठनी ग्यारस पर्व पर जहां शिवधाम कुंडेश्वर धाम पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हुई, वहीं दूसरी ओर कतियारियों ने भक्ति गीत गाए और यहां जमढ़ार में स्नानादि कर पूजा अर्चना की। देव उठनी गयारस पर आज सुबह से ही बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र शिव धाम कुंडेश्वर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई है। सुबह से करने पहुंची महिलाओं ने नदी के तट पर गन्ने का मंडप सजाकर विधि विधान से तुलसी और शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया। इस मौके पर महिलाओं ने भाव विभोर होकर जमकर नृत्य किया। बताया गया है कि कार्तिक मास में शिव धाम कुंडेश्वर में हर दिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं स्नान करने पहुंचती हैं। आज सुबह से महिलाओं ने जमड़ार नदी में स्नान किया। इसके बाद नदी के तट पर गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी और शालिग्राम के विवाह की रस्में संपन्न कराई। इस दौरान महिलाओं ने कार्तिक गीत गाये और नृत्य कर देव उठनी ग्यारस पर्व मनाया। बुंदेलखंड में चली आ रही परंपरा के अनुसार महिलाओं ने कृष्ण भक्ति के गीत गाकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा आराधना की। झुला दो माई श्याम परे पलना सहित अनेक कार्तिक गीतों का महिलाओं ने गायन किया तथा कन्हैया को मनाया। कुंडेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी जमुना प्रसाद तिवारी ने बताया कि हर साल कार्तिक मास में देवउठनी ग्यारस पर शिव धाम कुंडेश्वर में महिलाएं नदी के तट पर पूजा अर्चना करती हैं। इस दौरान मंदिर परिसर में दो दिवसीय मेला लगता है। आज सुबह से लेकर देर रात तक हजारों की संख्या में



श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे।

## शहर में जमकर बिक रहे गन्ने

देवउठनी ग्यारस पर गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी शालिग्राम का विवाह कराने की परंपरा है। जिसके चलते एक दिन पहले से ही शहर में करीब दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर ग्रामीण क्षेत्र के किसान गन्ने बेचने के लिए आए हैं। इस बार सौ रुपए में चार गन्ने बेचे जा रहे हैं। गन्नों की खरीदारी के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी है। गन्ने के अलावा सीताफल, सिंघाड़ा, भाजी आदि की भी यहां जमकर खरीदी की गई।

## केंथ के मंदिर में विवाह महोत्सव- गाजे-बाजे के साथ निकाली भगवान सालिगराम की बारात

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के ताल दरवाजा स्थित प्राचीन श्रीराधा कृष्ण केंथ के मंदिर में गुरुवार को देव उठनी ग्यारस पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर से गाजे बाजे के साथ भगवान सालिगराम की बारात निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद मंदिर परिसर में भगवान सालिग राम और माता तुलसी के विवाह की रस्में संपन्न कराई गई। श्री राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी मुकेश द्विवेदी महाराज ने बताया कि आज देव उठनी ग्यारस पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में भगवान सालिगराम और माता तुलसी का विवाह समारोह मनाया गया। शाम 4 बजे मंदिर परिसर से ढोल नगाड़ों के साथ भगवान की बारात निकाली गई। बारात ताल दरवाजा से शुरू होकर पपौरा चौराहा, नगर भवन, पुराना पोस्ट ऑफिस, शक्ति टॉकीज मार्ग होते हुए वापस मंदिर पहुंची। भक्तों ने किया स्वागत- रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने दूल्हा बने भगवान सालिगराम का तिलक किया। उन्होंने बताया कि इस बार माता तुलसी के कन्यादान और बारात के तिलक का सौभाग्य लोहिया परिवार को मिला। बारात भ्रमण के दौरान प्रकाश लोहिया ने अपने परिवार के साथ दूल्हा बने भगवान सालिगराम का तिलक कर आरती उतारी। साथ ही बारात में शामिल सभी बारातियों का स्वागत किया। मंदिर में बारात के आने के बाद विधि विधान से वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने जमकर डांस किया और बुंदेली गीत गाकर विवाह की खुशियां मनाई।

# चावल के दानों पर रामायण लिख रहे जीवन शर्मा बना सकते हैं वर्ल्ड रिकार्ड



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मोबाइल में रील्स देखते हुए हनुमान जी के वृद्धावस्था में रामायण लेखन की फोटो देखी तो जीवन शर्मा के मन में भी ऐसी भक्ति जागी कि उन्होंने चावल के दानों पर रामायण लिखने का प्रण ले लिया। जीवन पिछले 14 माह से प्रति दिन तीन से साढ़े तीन घंटे इस साधना में लगे है और अब तक रामायण के तीन कांडों को चावल के दानों पर उतार चुके है। उनके इस प्रयास का लोहा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने भी माना है और उनका आवेदन स्वीकार कर लिया है।



स्थानीय महावीर रेजीडेंसी में निवास करने वाले जीवन शर्मा स्वास्थ्य विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर है। भगवान में आस्था रखने वाले जीवन शर्मा का जीवन मोबाइल की एक रील ने बदल दिया। रील में हनुमान जी को रामायण का लेखन करते देख उनके मन में विचार आया और उन्होंने चावल के दानों पर रामायण लिखना शुरू कर दिया। जीवन पिछले 14 माह से यह काम कर रहे है। जीवन बताते है कि काम से लौटने के बाद रात को जब परिवार के सभी सदस्य सो जाते हैं, तो वह रात्रि 10 बजे से लेखन शुरू करते है। प्रति दिन वह तीन से साढ़े तीन घंटे लेखन करते है। अब तक वह 1300 घंटे में बाल कांड, अयोध्या कांड और अरण्य कांड पूरा कर चुके है। उनका कहना है कि आगामी पांच माह में वह किष्किंधा, सुंदरकांड, लंका और उत्तर कांड पूरा कर लेंगे।

## कठिन यह चावल पर लिखना

जीवन बताते है कि चावल पर लेखन करना कठिन है। इसके लिए वह 0.1 एमएम के स्याही वाले पेन और मैग्निफाइंग ग्लास का उपयोग करते है। चावल के एक दाने पर अधिकतम 4 अक्षर ही लिख पाते है। इसके लिए वह पहले चौपाई के शब्द गिनते है और उसके अक्षरों के अनुसार चावल को कागज पर चिपकाते है। इसके बाद लेखन शुरू करते है। फिर अगली चौपाई के लिए यही क्रम अपनाते है। जीवन का कहना है कि रामायण के पहले श्लोक से आरती का खिलने का प्रण लिया है।

## सात्विक जीवन जी रहे जीवन

जीवन बताते है कि यह सब हनुमान जी महाराज की कृपा से हो रहा है। ऐसे में वह पूरी तरह से सात्विक जीवन अपना रहे है। बिना लहसुन-प्याज का सादा भोजन करने के साथ ब्राह्मचर्य का पालन कर रहे है।

## आवेदन हुआ मान्य

जीवन बताते है कि अयोध्या कांड होने के बाद मन में विचार आया तो जुलाई में उन्होंने इसके लिए गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड में आवेदन किया। 20 अक्टूबर को उनका यह आवेदन गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड वालों ने मान्य कर लिया है। अब रामायण का लेखन पूरा हो जाने के बाद वह अपने पूरे दस्तावेज वहां भेजेंगे। उनका कहना था कि अब तक इस प्रकार का प्रयास किसी के द्वारा न किए जाने से यह आवेदन मान्य किया गया है।

### खेत में लगे बोर से पाइप निकालने को मना किया तो

# महिला के साथ परिवार के 3 लोगों ने की मारपीट

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना में महिला के साथ परिवार के तीन लोगों ने डंडे से मारपीट करने का मामला सामने पर दिगौड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार फरियादी महिला केशकली पत्नी राकेश अहिरवार उम्र 36 साल निवासी धामना ने अपने पति के साथ पुलिस थाना में आकर रिपोर्ट की गई। जिसमें मंगलवार की सुबह करीब 9:30 बजे फरियादी महिला अपने खेत पर पहुंची तो उसने देखा कि उसके जेठ धर्मदास अहिरवार, भतीजा गजेन्द्र अहिरवार व जिठानी रामाबाई अहिरवार खेत में लगे बोर से शामिलाती मोटरपंप के पाइप को बाहर निकाल रहे थे। महिला ने पाइप निकालने से मना किया, तो इन लोगों ने गाली गलौज व डंडे से पीड़िता की मारपीट कर दी। घटना में महिला के सिर में चोट आ गई। गांव वालों ने महिला को बचाया व उसके पति राकेश को घटना की सूचना दी। राकेश के आने पर महिला ने पुलिस थाना में आकर रिपोर्ट की गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**पुलिस ने आरोपियों पर किया केस दर्ज**

## खरोई गांव में हुए विवाद में 3 लोगों को लाठी व हंसिया से मारा, घटना में महिला गंभीर रूप से घायल, 2 लोगों पर केस दर्ज

टीकमगढ़, देशबन्धु। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरोई में जमीनी को लेकर दो भाइयों के बीच में पारिवारिक विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़ित दंपति व उनकी बहू के साथ परिवार के दो लोगों ने लाठी डंडे व हंसिया से मारपीट कर दी। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी प्यारेलाल पिता कलू कुम्हार उम्र 40 साल निवासी खरोई ने अपनी पत्नी रामसखी व बहू सुनीता कुम्हार के साथ पुलिस थाना में आकर रिपोर्ट की गई, जिसके अनुसार दिनांक 7 नवंबर की दोपहर करीब 3 बजे फरियादी अपने खेत की जमीन पर पानी डालने के लिए पड़ोसी से बात कर रहा था। उसी समय फरियादी का छोटा भाई भजन लाल कुम्हार व उसकी पत्नी पान कुवंर कुम्हार आए और जमीन के विवाद पर गाली गलौज व झगड़ा करने लगे। फरियादी ने गाली देने से मना किया, तो उसके छोटे भाई ने लाठी से मारपीट कर दी। फरियादी को बचाने के लिए गई उसकी पत्नी रामसखी को पानकुवंर ने हंसिया मार दिया व भजनलाल ने लाठी से मारपीट कर दी। इन दोनों को बचाने के लिए गई सुनीता की भी लाठी से मारपीट कर दी। घटना में रामसखी घायल हो गई।

# बदहाल सड़कों और गड्ढों के कारण हो रहे हादसे





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ऐ भाई जरा देख के...ऐ वो गिरा...काय भैया मरने है का..., काय फूटी है का...। इसी प्रकार के कई संवाद यहां जगह-जगह सुनने को मिल जाते हैं। वाहनों की बेशुमार आवाजाही और संकीर्ण मार्गों पर लगते जाम ने शहर की तस्वीर ही बदल दी है। शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने में अब तक प्रशासन को सफलता नहीं मिल सकी है। बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने गड्ढों के कारण भी राहगीरों को आए दिन हादसों का सामना करना पड़ रहा है। यहां मुख्य बाजार कटरा, नजाई बाजार, स्टेट बैंक चौराहा एवं सैलसागर इलाके में हर घंटे जाम लग रहा है। यहां कटरा में मनमाने तरीके से खड़े फल विक्रेताओं एवं ठेलों के कारण राहगीर जहां परेशान हैं, तो वहीं सड़कों पर लगने वाली दुकानों ने लोगों का निकलना मुश्किल कर दिया है। चौराहे को संकीर्ण कर दिए जाने के कारण यहां आए दिन हादसे होने लगे हैं और दुकानदारों ने भी सड़कों पर सामान रखना शुरू कर दिया है। बिगड़ती यातायात व्यवस्था में सुधार के इंतजाम न किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी बनी हुई है। यहां दुकानदारों ने सड़कों पर कब्जा अवैध रूप से कब्जा करना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि जिला मुख्यालय पर ही जब यातायात व्यवस्था दम तोड़ती नजर आने लगी है, तो अन्य स्थानों की यातायात व्यवस्था का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। देखा जा रहा है कि यहां के दिगौड़ा, लिधौरा, धजरई, जतारा, बल्देवगढ़ सहित अन्य इलाकों में भी मुख्य मार्गों की हालत बद से बदतर बनी हुई है। यहां जिला मुख्यालय पर ही शहर में यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से बदहाल है। मुख्य बाजार में सुबह से लेकर शाम तक हर घंटे जाम लग रहा है। प्रमुख चौराहों से यातायात पुलिस के जवान नदारद हैं। यहां वाहनों के अस्त-व्यस्त हालत में खड़े रहने और बार-बार जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, शहर के कटरा बाजार, स्टेट बैंक चौराहा, पपौरा चौराहा, सैल सागर, नजाई बाजार सहित अन्य इलाकों में बनी सब्जी मंडी, फुटकर गल्ला मंडी के चलते सुबह से ही लोगों का आवागमन शुरू हो जाता है। नजाई बाजार के मुख्य दरवाजे के अलावा कटरा बाजार, स्टेट बैंक पर ही बड़ी संख्या में फलों के ठेले और फुटकर दुकानदार सड़क किनारे बैठ जाते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को आने जाने के लिए जगह नहीं मिलती। फुटकर गल्ला मंडी के चलते आसपास के किसान अनाज बेचने के लिए टैक्सियां लेकर आते हैं। नजाई मंडी के अंदर बैठने वाली सब्जी बिक्रेताओं को भी यहां ठीक से बैठने के लिए जगह नहीं है। जबरन कब्जा के कारण यहां भी विवाद होने के कारण सब्जी बिक्रेताओं को परेशान होना पड़ रहा है। बताया गया है कि यहां सुबह से ही नजाई बाजार, कटरा बाजार, स्टेट बैंक चौराहा पर जाम के हालात पैदा हो जाते हैं। शादी-विवाह और त्योहारों के दौरान इस रास्ते से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। इन सड़कों पर निकलने वाले हजारों वाहनों के कारण शहर में राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। नजाई बाजार के पास यातायात पुलिस का एक भी जवान तैनात नहीं किया जाता है। फलों के ठेले और फुटकर दुकानदार मनमाने ढंग से सड़क पर दुकान लगाकर बैठ जाते हैं। कटरा बाजार, पपौरा चौराहा, स्टेट बैंक, नजाई बाजार सहित अन्य मुख्य इलाकों में आए दिन ठेला चालकों एवं फल बिक्रेताओं में विवाद के हालात पैदा होते हैं। इसके अलावा शहर के स्टेट बैंक चौराहा, जवाहर चौक, सेल सागर चौराहा, पपौरा चौराहा सहित कई स्थानों पर हर दिन जाम लगा रहता है। बावजूद इसके ट्रैफिक पुलिस की ओर से जवान तैनात नहीं किए जा रहे हैं।

## *हादसों को न्यौता देता पपौरा चौराहा*

*सुविधा शुल्क और सांठगांठ के प्रभाव में यहां यातायात व्यवस्था दम तोड़ती नजर आने लगी है। यहां एक ओर जहां यातायात पुलिस की लापरवाही और मनमानी देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका का रवैया भी उदासीन बना हुआ है। कहा जा रहा है कि शहर के मुख्य बाजार में दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण करते जा रहे हैं। फल सब्जी के ठेले और फुटकर दुकानदारों के चलते 20 फीट चौड़ी सड़क सिमटकर 10 फीट रह जाती है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों का निकलना दूभर है। दुकानदार लगातार अतिक्रमण करते जा रहे हैं, लेकिन नगर पालिका की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही है। फल सब्जी के ठेलों और फुटकर दुकानदारों को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन की ओर से कई बार प्लान तैयार किए गए, लेकिन प्रशासन का प्लान केवल कागजों तक ही सीमित है। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए धरातल पर कोई काम नहीं हुए।*

## *गायब हो चुके शहर के फुटपाथ*

*शहर में निकलने वाले पैदल यात्रियों को हादसों से बचाने के लिए फुटपाथ बनाए गए थे, जो पूरी तरह से दुकानदारों के कब्जे में हैं। इन फुटपाथों पर दुकानदारों ने टीन शेड बनाकर अपनी दुकानों को चौड़ा कर लिया है। नगर पालिका अधिकारियों की मौन स्वीकृति और पुलिस प्रशासन व नगर प्रशासन द्वारा पिछले कई सालों से इन फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराया जा सका है। ईदगाह मार्केट एवं गांधी चौराहा पर बनें फुटपाथ अब दुकानदारों के कब्जे में हैं। इन पर पैदल निकलने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। इन सुविधा के एवज में जिम्मेदार अधिकारियों के बारे-न्यारे होते रहे हैं। कहा जा रहा है कि शहर के मुख्य मार्गों से गायब हो चुके फुटपाथ के कारण यहां आए दिन हादसे होते आ रहे हैं। आवारा पशुओं का जमावड़ा सैकड़ों हादसों के बाद भी अब तक दूर नहीं हो सका है।*

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भोपाल में किया तैयारियों का निरीक्षण

# मतगणना की व्यवस्थाओं पर जताया संतोष



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने गुरुवार को भोपाल में मतगणना स्थल पुरानी जेल पहुँचकर विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 3 दिसंबर को जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। श्री राजन ने मतगणना की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने मतगणना टेबिले, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। बाद में उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही मतगणना स्थल परिसर में रूके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन मतगणना व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

#### दिए निर्देश, किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने निर्देश दिए कि विधानसभा निर्वाचन की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करें। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, नोडल मतगणना संदीप केरकेट्टा, डिप्टी डीईओ रविशंकर राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ाए जाने की खबर सोशल मीडिया पर चली, चुनाव आयोग ने बताया गलत



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस का कार्यकाल 1 माह बढ़ाने की खबर आज सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर को निर्वाचन आयोग ने गलत बताया है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन के कार्यालय द्वारा एक्स पर लिखा है कि सोशल मीडिया पर फर्जी खबर साझा की जा रही है कि 'निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य सचिव के कार्यकाल के विस्तार को स्वीकृति प्रदान कर दी है, जबकि ऐसा नहीं है।' उन्होंने लिखा कि आयोग ने ऐसी कोई स्वीकृति अब तक नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी श्री बैस को 2 बार छह-छह माह की अवधि की सेवावृद्धि मिल चुकी है। राज्य सरकार के अनुरोध पर श्री बैस की सेवावृद्धि के प्रस्ताव को केन्द्र से स्वीकृति मिल गई थी। अब मौजूदा समय में प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं और प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसके कारण श्री बैंस के सेवाकाल में वृद्धि के बारे में कोई भी निर्णय निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद ही लिया जाएगा। ज्ञात हो कि मुख्य सचिव श्री बैस 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जबकि प्रदेश में 3 दिसम्बर को विधानसभा चुनाव के मतों की गणना का काम शुरू होगा।

### अब विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार

# सट्टा बाजार का रुख बढ़ा रहा है नेताओं की धड़कन



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। अब, मतगणना का इंतजार है। इसी बीच सट्टा बाजार से आ रही खबरें कभी बीजेपी तो कभी कांग्रेसी नेताओं की धड़कनें बढ़ा देती है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 17 नवंबर को मतदान हो चुका है और मतगणना 3 दिसंबर को होना है।

दोनों प्रमुख राजनीतिक दल, भाजपा और कांग्रेस, अपनी जीत के न केवल दावे कर रही हैं, बल्कि उन्हें भरोसा है कि जनता उनका साथ देखी। कांग्रेस को भरोसा है कि उनकी सरकार को खरीद-फरोख्त करके गिराया गया था इसका जनता हिसाब बराबर करना चाहती है, तो वहीं कांग्रेस की तमाम योजनाएं जनता को जिंदगी में बदलाव लाने का भरोसा दिला रही है। दूसरी ओर भाजपा के नेताओं को लग रहा है कि उनकी लाडली बहना योजना से लेकर महिला वर्ग के लिए चलाई गई योजनाएं और आदिवासी कल्याण के साथ युवाओं के लिए किए गए प्रयास मतदाताओं को रास आएंगे। केंद्र की सरकार के साथ उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा चेहरा है। इसी के आधार पर उन्हें फिर बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी।

दोनों दलों के इन दावों के बीच कई सट्टा बाजार के आंकड़े भी सामने आ रहे हैं। यह सट्टा बाजार जहां चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ी बढ़त दिखा रहे थे तो वहीं मतदान के बाद उनके रुख में कुछ बदलाव आया है और वह मुकाबले को टक्कर का बताने के साथ भाजपा को थोड़ी बढ़त दिखा रहे हैं। इसी के चलते राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर उम्मीदवारों की भी धड़कनें बढ़ी हुई हैं। सट्टा बाजार की रिपोर्ट लगातार बदलाव कर रही है और यही कारण है कि सियासी गतिविधियों पर नजर रखने वाले लोग सट्टा बाजार पर भी नजर रखे हुए हैं। साथ ही एक ही बात कह रहे हैं कि राज्य में कुछ भी हो सकता है और किसी की भी सरकार बन सकती है।

#### 17 को हुआ था मतदान, 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे

### नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने आयोग को सौंपा ज्ञापन

# भिंड कलेक्टर को मतगणना से दूर रखने की मांग



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात करके कहा कि भिंड कलेक्टर शुरू से ही चुनाव को प्रभावित करने और भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भिंड कलेक्टर अपनी पदस्थापना के समय से ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों से यह पूछते रहे हैं कि डॉ. गोविन्द सिंह सात बार किस प्रकार चुनाव जीते हैं। भिंड कलेक्टर पूरे जिले के निर्वाचन अधिकारी हैं, लेकिन मतदान के दिन वे केवल लहार विधानसभा क्षेत्र में पूरे दिन मतदान शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक घूमते रहे। उनके निर्देश पर बीएसएफ कर्मी मतदान करने वाले मतदाताओं के आधार कार्ड की जांच कर रहे थे। जबकि, यह काम पीठासीन अधिकारी का है। बीएसएफ जवानों द्वारा मतदाताओं से पूछताछ किये जाने से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया। डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान केन्द्र 50 धनुपुरा और 45 गांध में अनेक मतदाताओं के साथ मारपीट की गई, जिससे कोई मतदान नहीं कर सके। कलेक्टर के इशारे पर कांग्रेस पार्टी के मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र से बाहर बैठाकर रखा गया और पीठासीन अधिकारियों द्वारा भाजपा के पक्ष में फर्जी मतदान कराया गया। लहार में निर्वाचन के कार्य में लगे शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा डाले गये डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा नहीं किया गया। एक दिन बाद इन डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा कराया गया। उन्होंने मांग की है कि लहार क्षेत्र की मतगणना से कलेक्टर भिंड को अलग रखते हुए किसी अन्य अधिकारी को दायित्व सौंपा जाए, ताकि मतगणना निष्पक्षता पूर्वक हो सके।

## विक्रमादित्य कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री मनोनीत



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह के सुपुत्र विक्रमादित्य सिंह को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महामंत्री मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा की गई। श्री सिंह का नियुक्ति-पत्र गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी महामंत्री राजीव सिंह ने जारी किया।

श्री सिंह की विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी संगठन के साथ ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका रही है। कांग्रेसजनों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से पूरे विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी और संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, जे.पी. धनोपिया, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, गुरमीत सिंह मंगू, संतोष सिंह परिहार, मनीष तिवारी, शिवा द्विवेदी, प्रशात गुरूदेव, रामराज तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजनों की उपस्थित में श्री सिंह को नियुक्ति-पत्र सौंपते हुए कांग्रेसजनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# शासकीय स्वशासी और निजी आयुष महाविद्यालयों में काउंसिलिंग तय

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग और राष्ट्रीय हौम्योपैथी आयोग से अनुमति प्राप्त शासकीय शासकीय स्वशासी और निजी आयुष महाविद्यालयों में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से काउंसिलिंग की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिये आयुष विभाग ने कार्यक्रम निर्धारित कर लिया है।

काउंसिलिंग की कार्यवाही 16 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है। अब आयुष महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की स्थिति का प्रदर्शन 24 नवम्बर को किया जायेगा। इसके बाद इसी दिन मेरिट सूची का प्रकाशन और पात्रताधारी अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। काउंसिलिंग कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाइस फिलिंग) 25 से 27 नवम्बर तक की जा सकेगी। महाविद्यालयवार मेरिट सूची प्रकाशन (1×10) के आधार पर 28 नवम्बर को प्रात: 8 बजे होगी। महाविद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने की तिथि 29 नवम्बर को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगी। इसके बाद महाविद्यालय में रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की मेरिट सूची का प्रकाशन 29 नवम्बर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। महाविद्यालय में अस्थाई प्रवेश 29 नवम्बर को ही दोपहर 2:30 बजे से शाम 7 बजे तक लिया जा सकेगा।

## आयुर्वेदिक शिविर में 98 मरीजों की जांच कर किया उपचार

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** ग्रामीण अंचलों में लगातार आयुर्वेदिक शिविर आयोजित कर मरीजों का विचार किया जा रहा है।शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल परिसर किरवाया में आयोजित आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में डा. शिवाजी चतुर्वेदी और डा.अरविन्द कनोजिय ने विद्यालय के छात्रों-छात्राओं के साथ साथ ग्रामीण पुरुषों और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें सर्दी खांसी, पेटदर्द और कमजोरी, चक्कर आना सिरदर्द बात रोग अर्श रोग श्वेत प्रदर और श्वांस रोग की आयुर्वेदिक औषधियां नि:शुल्क दी। इसमे पुरूष 34 महिला 14 छात्रो की संख्या 16 छात्राओं की संख्या 34 कुल 98 सभी को स्वास्थ्य शिक्ष दी गई। उचित आहार-विहार क सलाह दी गई। इसके अलावा डाक्टर शिवाजी चतुर्वेदी ने बच्चों को सर्द के मौसम में शरीर को बचाने की सलाह दी एवं खान-पान की उचित सलाह दीवार में स्कूल के शिक्षकों ने भी सहयोग किया।

## प्राथमिक शाला में बाल व महिला सुरक्षा अधिनियमों की जानकारी दी

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शासकीय प्राथमिक शाला जीवाजीपुर में विश्व बाल दिवस के अबसर पर ।बच्चों को बाल संरक्षण अधिनियम महिला संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ के अमित शर्मा ने बच्चों और उनके पालकों को बाल संरक्षण अधिनियम के तहत दिए गए अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। इसी के साथ

महिला संरक्षण अधिनियम के तहत उनके अधिकार और सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। देवेंद्र साहू ने बताया की आयोजन में शाला प्रभारी सपना शर्मा और प्राथमिक शिक्षक ऊषा शर्मा नवसाक्षर साक्षरता चेतना केन्द्र की लीला कुशवाह द्वारा भी बाल दिवस पर बाल अधिकारों और उनके विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिला बच्चे भी शामिल हुए।

## मतगणना हेतु प्रथम प्रशिक्षण आज

**रायसेन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम अनुसार जिले की चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में 17 नवम्बर को हुए मतदान की मतगणना दिनांक 03 दिसम्बर को रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में की जाएगी। विधानसभा निर्वाचन-2023 के संदर्भ में मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 24 नवम्बर को दो पालियों में प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक और दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में आयोजित किया गया है।

# झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख मांगने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के कैलारस थाना अंतर्गत युवक को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए 05 लाख रूपये मांगने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

फरियादी अजय पुत्र श्यामलाल धाकड निवासी कुर्रौली कैलारस ने गुरुवार को पुलिस को आवेदन देकर बताया कि मैं व शैलेन्द्र पुत्र सियाराम धाकड निवासी लाभकरन अक्सर एक साथ ट्रैक्टर बगैरह चलाने का काम करते थे, जिस कारण से शैलेन्द्र और मेरे बीच अच्छे संबंध होकर एक-दूसरे के घर आना-जाना था। आज से करीब 20 दिन पहले शैलेन्द्र धाकड ने ट्राली खरीदने के लिये मुझसे दो लाख रूपये उधार लिये थे, 14 नवंबर 2023 को शैलेन्द्र ने मुझे फोन कर बुलाया कि तुम मेरे घर पर आ जाओ, तुमसे कुछ काम है। तब में अपने दो लाख रूपये लेने की बात सोच कर अपने काम से फ्री होकर शाम करीब 08.30 बजे शैलेन्द्र के घर ग्राम लाभकरन गया। शैलेन्द्र ने मुझसे कहा कि तुम आज रात में यहीं रूक जाओ, तुमसे कुछ चर्चा करनी है, तुम अपने कपडे निकालकर आराम करो। फिर कुछ ही देर में शैलेन्द्र बोला कि में बीडी लेकर आता हूँ और तुम मेरे घर पर ही रूको। त

भी रात करीब 09 बजे में अपने कपडे निकालकर पलंग पर लेटने वाला था कि शैलेन्द्र की पत्नी किरण उर्फ पूजा ने कमरे की कुंदी लगा दी, मैंने कहा कि कुंदी क्यों लगा रही हो तो वह बोली में तो वैसे ही लगा रही हूँ। तभी शैलेन्द्र आ गया और जल्दी ही किरण ने कुंदी खोली। फिर शैलेन्द्र मुझसे अकडकर बोला कि तू कपडे निकालकर क्या कर रहा था, तब मैंने कहा कि तुम ही रूकने की बात बोलकर गये थे। फिर मुझसे बोला कि तू मुझसे माँफी माँग। मैंने कहा कि मैंने गलती क्या की है। फिर शैलेन्द्र ने उस कमरे की खिडकी के पास रखा एक एंड्राइड मोबाईल निकाला और बोला कि इस मोबाईल में सब रिकार्ड हो गया है। अब तुझे इज्जत बचानी है तो मुझे 05 लाख रूपये दे, नहीं तो में थाने पर छेडछाड का केस करूँगा, तुझे जीने लायक नहीं रहने दूँगा, तुझे जेल की हवा खिलवा दूँगा। उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर थाना प्रभारी सोनपाल सिंह तोमर के द्वारा टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आरोपी शैलेन्द्र पुत्र सियाराम, किरण उर्फ पूजा पत्नि शैलेन्द्र धाकड निवासीगण लाभकरन को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया है।

# सुबह 4 बजे से सर्दी में ठिठुरन के बाद भी नहीं मिल रहा किसानों को खाद

- अधिकारी कर्मचारी कर रहे मनमर्जी, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने में प्रशासन नाकाम



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले में इन दोनों गेहूं की फसल के लिए किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद की आवश्यकता है, लेकिन जिला प्रशासन जिले के किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल दिखाई दे रहा है। खाद वितरण केन्द्रो पर सुबह 4 बजे से किसानों की लंबी लाइन लग जाती है और एक-एक दो-दो दिन तक उन्हें खाद नसीब नहीं हो रहा तथा किसानों में भारी आंकड़ों से इसके बावजूद प्रशासन इस और कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

गुरुवार की सुबह कृषि उपज मंडी प्रांगण सहित अन्य खाद वितरण केन्द्रो पर ऐसे ही किसानों की लंबी लाइनों के नजारे देखने को मिले। खाद वितरण में हो रही मनमर्जी के कारण किसान आक्रोशित नजर आए। एक किसान मेहरबान सिंह यादव जो कि विकलांग था, उसने बताया कि वह 20 किलोमीटर पैदल चलकर आया और सुबह टोकन दे दिया। बुधवार को तीन यूरिया एवं तीन डीएपी खाद के कट्टे मिल रहे थे, लेकिन आज दो डीएपी तीन यूरिया मिल रहे हैं, जब इस संबंध में अधिकारी कर्मचारियों से कहा गया तो उनका जवाब था, कलेक्टर के यही आदेश है। इस बात पर किसानों ने कहा कि कलेक्टर ने कोई आदेश नहीं किया है, आप मनमर्जी कर रहे हो। इसी प्रकार किसान धारा सिंह जादौन ने बताया कि वह सुबह 4 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन दोपहर तक उनको खाद उपलब्ध नहीं हो पाया है। यही समस्या तमाम किसानों ने बताई और प्रशासन व्यवस्था पर जमकर सवाल उठाए। जिला प्रशासन कितने भी दावे कर रहा हो, लेकिन हकीकत कुछ और है, जिसे देखने की फुर्सत कलेक्टर के पास नहीं है। भरी सर्दी में किसान सुबह से घर से निकल रहे हैं और दो-दो दिन तक खाद के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

## थाने में दलित की नहीं हुई सुनवाई, पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में एक दलित की चार आरोपियों ने जाति सूचक गालियां देकर मारपीट कर दी एवं सरिया मारकर घायल कर दिया। नूराबाद थाना पुलिस ने फरियादी को हरिजन थाने पहुंचा दिया, यहां भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। गुरुवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

फरियादी हरि सिंह जाटव 52 वर्ष निवासी अरधोनी का पूरा नूराबाद थाना क्षेत्र में रामू बैसला की डेयरी पर सुबह दूध लेने गया था, तभी वहां पर आरोपी माता प्रसाद, महादेव, हरिया, अवधेश निवासी विचोला ने दूध लेने पर जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की एवं लोहे का सरिया मारकर उसे घायल कर दिया। पीड़ित नूराबाद थाने पहुंचा तो वहां से उसे हरिजन थाने भेज दिया और हरिजन थाने में भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की।

## प्राचार्य ने एसपी से लगाई गुहार

**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुरा स्थित शासकीय विद्यालय से विगत दिवस अज्ञात 6 बैटरी चोरी कर ले गए। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस अभी तक कोई बरामदगि नहीं कर सकी है। स्कूल प्राचार्य ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर चोरी बरामद करने की अपील की। बताया जाता है कि केंद्रीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 से 19-20 नवंबर की रात आईसीटी लैब का ताला तोडक़र अज्ञात चोर 6 बैटरी चोरी कर ले गए, जिनकी कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। प्राचार्य ने बताया कि इस लैब की स्थापना पिछले वर्ष हुई थी और 7 लाख रुपए का सामान आया हुआ था। इस मामले में प्राचार्य द्वारा कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई गई, परंतु अभी तक चोरों का कोई पता नहीं लगा है। प्राचार्य ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर चोरी गई बैट्रियों को बरामद करने की अपील की है।

## नहर को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नहर से सिंचाई के लिए पानी न मिलने के कारण आक्रोशित किसानों ने बुधवार शाम को ग्राम बावड़ी के किसानों ने सड़क पर यातायात बंद कर चक्का जाम कर दिया।

चक्काजाम कर रहे किसान संबंधित विभाग से मांग कर रहे थे कि नहर में पानी छोड़ा जाए। पानी के अभाव में किसान रबी फसलों के लिए पलेवा कर पा रहे हैं और न ही फसलों में सिंचाई कर पा रहे हैं। देर तक चले चक्काजाम के कारण आवागमन प्रभावित हुआ। वाहन चालक जाम हटने का इंतजार करते रहे। मौके पर पहुंचे तहसीलदार सविता पटेल ने किसानों को समझाई थी तब कहीं जाकर चक्का जाम हटा।

### भजन संध्या में नजीराबाद से आई गायिकाओं ने बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी

# नए नोटों से हुआ खाटू श्याम का श्रृंगार

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गंजबासौदा ।देव उठनी एकादशी के मौके पर गुरुवार को खाटू श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्याम भक्तों ने बाबा खाटू श्याम का नए नोटों से श्रृंगार किया। बाबा के दर्शन के लिए दिनभर श्याम भक्तों का तांता मंदिर में लगा रहा। जन्मोत्सव के मौके पर मंदिर तक करीब आधा किलोमीटर की गली रोशनी से जगमगाई हुई है। शाम को मंदिर परिसर में रंगारंग संगीतमय भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें नजीराबाद से आई दो गायिकाओं ने एक से बढ़कर एक बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी। ग्यारस के उपलक्ष्य में गुरुवार को गाजे बाजे के साथ निशान यात्रा भी हनुमान चौक से निकली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मील रोड़ खाटू श्याम मंदिर पहुंची।

मालूम हो कि वार्ड नंबर 13 मील रोड़ चक्क स्वरूपनगर में खाटू श्याम मंदिर बना हुआ है जिसमें खाटू श्याम सहित सालासर बालाजी और बाबा रामदेव की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। गुरुवार को प्रबोधिनी एकादशी पर खाटू श्याम के जन्म उत्सव का श्याम भक्तों में उत्साह नजर आया। विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। इधर मंदिर में 500, 200, 100,50 और 20 के नए-नए नोटों से खाटू श्याम बाबा का विशेष अद्भुत श्रृंगार देखकर श्याम भक्त उत्साहित नजर आए और अपने मोबाइल के कैमरों में बाबा की तस्वीर को कैद करने लगे। शाम 7 बजे नजीराबाद से आई भजन गायिका तिवारी बहनों ने श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जिसको सुनकर श्याम भक्त झूमते हुए नजर आए। मंदिर के पुजारी पंडित वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार को देवउठनी ग्यारस पर खाटू श्याम बाबा का जन्म उत्सव रहता है। ग्यारस पर ही बाबा का जन्म हुआ था। इसलिए श्याम भक्त बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हैं बाबा का ग्यारस पर विशेष श्रृंगार किया गया और प्रसादी महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण हुआ।



### देव उठनी ग्यारस पर जागे भगवान लक्ष्मीनारायण

# गन्ने से मंडप सजाकर तुलसी व शालिगराम का विवाह हुआ





**सागर, देशबन्धु।** नगर सहित जिले में गुरुवार को देवउठनी ग्यारस पर्व मनाया गया। घर-घर मे गन्ने से मंडप सजाकर तुलसी व शालिगराम का विवाह हुआ। इसके साथ ही भगवान लक्ष्मीनारायण को क्षीर सागर से उठाने की रस्म की गई। पूजन में सभी प्रकार की भाजी, बेर, सिंघाड़े, सीताफल, गन्ना, फल, मिठाई और विविध खीर बताशे अर्पित किए गए। देवउठनी एकादशी से ग्रह प्रवेश प्राण प्रतिष्ठा, मुंडन, उद्यापन आदि के कार्य शुरू करना शुभ है। वहीं देवउठनी एकादशी के एक दिन पहले बुधवार से ही गन्नों का बाजार सज गया था। हिन्दु धर्म के अनुसार देव शयनी ग्यारस को देवता सोते है एवं देव उठनी ग्यारस को उठते है आज से सभी मांगलिक कार्य आरंभ होते है बुंदेलखंडी परंपरा के अनुसार ग्यारस के पूजन के समय लोगो द्वारा देवताओ को जगाने के लिये उठो देव तुम ग्यारे आओ, क्वारो के ब्याव, ब्याव के चौक करावो आदि अहाने कहते हुऐ गन्नो के चारो तरफ चक्कर लगाये जाते है।

# जग्गू हत्याकांड के 2 आरोपियों ने किया सरेंडर

### वारदात के बाद 11 माह से थे फरार, मिश्रीचंद अब भी फरार

**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया में चुनावी रंजिश में हुए विवाद में कार से कुचलकर की गई युवक की हत्या के मामले में फरार दो आरोपियों ने गुरुवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया है। सरेंडर की सूचना मिलते ही मकरोनिया थाना पुलिस न्यायालय पहुंची। जहां कोर्ट से आरोपियों की पुलिस रिमांड मांगी। मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी धर्मेंद्र गुप्ता और जितेंद्र गुप्ता को शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। मामले में पुलिस आरोपियों को थाने लेकर पहुंची। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी जितेंद्र गुप्ता और धर्मेंद्र गुप्ता हत्याकांड के मामले में पिछले करीब 11 माह से फरार थे। वे गुरुवार को न्यायालय पहुंचे और कोर्ट के सामने सरेंडर कर दिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से फरारी के दौरान कहां रहे और उनकी किसने मदद की समेत अन्य बिंदु पर पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा मामले में फरार भाजपा से निष्कासित नेता आरोपी मिश्रीचंद गुप्ता के संबंध में पूछताछ की जाएगी। 22 दिसंबर 2022 की रात चुनावी रंजिश के चलते मकरोनिया चौराहे के पास हुए विवाद में जगदीश यादव निवासी कोरेगांव की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। वारदात में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी लवी गुप्ता, लकी गुप्ता, हनी गुप्ता, भाजपा नेता मिश्रीचंद गुप्ता, वकील गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता और आशीष मालवीय के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। जिसमें कार्रवाई करते हुए आरोपी वकील गुप्ता, लवी गुप्ता, आशीष मालवीय, लकी गुप्ता और हनी गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं आरोपी मिश्रीचंद गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता और जितेंद्र गुप्ता फरार थे। जिनकी पुलिस तलाश कर रही थी। इसी बीच आरोपी धर्मेंद्र और जितेंद्र ने गुरुवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया। अब प्रकरण में आरोपी मिश्रीचंद गुप्ता फरार है। जिसकी पुलिस लोकेशन ट्रेस कर रही है। मकरोनिया थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय से आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का 753 वां जन्मोत्सव मनाया

**सागर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का 753 वां जन्मोत्सव समारोह श्री देव जुगलकिशोर मंदिर ट्रस्ट क्रमांक 13 इतवारा बाजार में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम ध्वजारोहण उसके बाद हवन पूजन हुआ और प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठों में नरेश चंद्र वैद्य, हेमंत नामदेव, रामेश्वर नामदेव, कमलेश नामदेव, किशोर नामदेव, जगदीश नामदेव, राजकुमार नामदेव आदि सहित समाज जन शामिल हुए।

## निगमायुक्त ने कर संग्राहकों की बैठक लेकर, बकाया करों की वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश




**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने समस्त निगम राजस्व निरीक्षक और कर संग्रहाकों की बैठक लेकर बकाया करों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं ताकि वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति हेतु शेष माहों में बकाया करों की अधिक से अधिक वसूली हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त कर संग्राहकों को दिनवार और साप्ताहिक बकाया करों की वसूली का लक्ष्य दिया जाए, जिसके अनुसार कर संग्राहक वसूली करें। जी आई एस सर्वे में जो कमियां हो तो उसे संबंधित भवन स्वामी से आवश्यक दस्तावेज लेकर उसका निराकरण कर बकाया करों को जमा करायें। इसी प्रकार राजस्व करों के साथ-साथ निगम की दुकानों के बकाया किराया की राशि की वसूली में तेजी लाई जाये और जो भवन स्वामी या दुकानदार करों को जमा करने में उदासीनता बरते तो ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाए। जनता की सुविधा को देखते हुए उन्होंने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी बकाया करों को जमा करने हेतु वार्ड में कैंप लगाने के भी निर्देश दिए साथ ही साथ कर संग्राहकों को मौके पर कर जमा करने हेतु दी गई पीओएस मशीनों का उपयोग करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने पिछले वर्ष कर सग्राहकों द्वारा की गई संतोषजनक वसूली की प्रशंसा करते हुए इस वर्ष भी अधिक से अधिक बकाया वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी के साथ निगम के समस्त राजस्व निरीक्षक और कर संग्राहक उपस्थित थे।

## पूर्णाहुति के साथ हवन हुआ संपन्न आज निकलेगा मां लक्ष्मी का चल समारोह



**सागर, देशबन्धु।** तिलकगंज वार्ड में दीपावली से विराजमान सुख समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी के समक्ष चल रही सात दिवसीय देवी भागवत कथा का समापन हवन की पूर्ण आहुति के साथ हुआ। इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने मां लक्ष्मी सार्वजनिक महोत्सव समिति के सदस्यों के साथ हवन किया। शाम को मां लक्ष्मी के प्रांगण में हवन संपन्न हुआ। आज धूमधाम से डीजे डमरू दल अखाड़े के साथ माँ लक्ष्मी का चल समारोह विभिन्न मार्गों निकाला जावेगा। इस अवसर पर शैलेश केसरवानी ने कहा कि 10 दिनों तक मां लक्ष्मी हमारे सागर नगर के तिलकगंज में विराजमान रही। आज हवन के साथ देवी भागवत कथा का भी समापन हुआ हवन कराने से पवित्रता बनी रहती है। इससे आसपास मौजूद नाकारत्मक ऊर्जा समाप्त होती है। साथ ही वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। आज मां लक्ष्मी का बड़ी धूम धाम से चल समारोह शहर के विभिन्न मार्गो से निकलेगा जिसका समापन बरमान नर्मदा जी में होगा। इस अवसर पर पं. ऋषि महाराज, अमित नामदेव, रानू यादव, दीपक पटेल, चंद्रहास आठिया, अंशु यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ स्ट्रांग रूम की विद्युत व्यवस्था का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम पहुंचकर विद्युत व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह चालू है। जिनसे लगातार 24 घंटे गतिविधियों की रिकॉर्डिंग की जा रही है। सभी रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। प्रतिनिधि अगर चाहे तो वह रिकॉर्डिंग भी देख सकते हैं। स्ट्रांग रूम में अलग-अलग जगह यूपीएस सिस्टम लगे हुए हैं जिनसे निर्बाध रूप से रिकॉर्डिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति एवं अधिकारी कर्मचारी बगैर प्रवेश पत्र के प्रवेश न करें। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी पूरी तरह चालू है। सभी गतिविधियां भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुरूप संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पानी से भरे गड्ढे में डूबे तीन बच्चे, 6-7 साल के दो भाईयों सहित तीन की मौत



**बीना, देशबन्धु।** तीन बच्चे पानी से भरे गड्ढे में डूब गए। डूबने से तीनों बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतकों में दो सगे भाई है और एक उनका दोस्त है। तीनों की उम्र 6 और 7 साल है। जानकारी के अनुसार बीना में आगासौद थाना क्षेत्र के देहरी गांव की हाईस्कूल के पीछे एक पानी से भरा गड्ढा है। परिजनों ने बताया कि एकादशी होने के चलते गुरुवार को तीनों बच्चे यहां नहाने आए थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि पानी में डूबने से दीपक पिता राजेश आदिवासी 7, संजय पिता राजेश आदिवासी 6, मानवी पिता महेंद्र आदिवासी 7 की मौत हुई। घटना की जानकारी तब लगी जब गांव की एक बुजुर्ग महिला गड्ढे में कपड़े धोने के लिए गई थी। बुजुर्ग महिला ने देखा कि बच्चों के कपड़े रखे हुए हैं और शव पानी में उतरा रहे हैं। महिला ने तत्काल इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही आगासौद पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों बच्चों के शवों को बाहर निकाला गया। शव देखकर आशंका जताई जा रही है कि शव करीब चार से पांच घंटे से गड्ढे में तैर रहे थे। गड्ढे में करीब 5 से 6 फीट पानी भरा हुआ है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा है।

## गूढ शब्दों के रहस्यों को जानो और जीवन के अर्थ को समझो: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** न्याय से कमाओ, विवेक से खर्च करो और संतोष वृत्ति अपनाओ यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा आलस्य छोड़ो, क्रिया सुधारो और सदैव ज्ञानाभ्यास करो। समय से पहले और भाग्य से ज्यादा आज तक किसी को कुछ नहीं मिला, फिर इतनी भागम भाग क्यों। मुनिश्री ने बताया कि शब्दों की यात्रा हमें प्रत्यक्ष से परोक्ष की ओर ले जाती है गूढ शब्दों के रहस्यों को जानो और जीवन के अर्थ को समझो। भीतर बाहर दोनों से खाली होकर सिद्ध बनने की यात्रा शुरू करो। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा नंदीश्वर दीप में 52 चैत्यालय हैं जहां 108 108 प्रतिमाएं प्रत्येक चैत्यालय में विराजमान है, जिनकी अवगाहना 500 धनुष की है। करोड़ सूर्य और चंद्रमा का तेज भी इन प्रतिमाओं के आगे फीका है। इन प्रतिमाओं के दर्शन से वैराग्य के परिणाम स्थिर हो जाते हैं।

## एम.के प्रजापति ने गौर पीठ को एक लाख रुपये दान दिए



**सागर, देशबन्धु।** विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. हरीसिंह गौर की दानवीरता से प्रभावित होकर लोग लगातार गौर पीठ को दान देने आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को एम के प्रजापति प्राचार्य आईटीआई बण्डा ने एक लाख रुपये का चेक विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर और गौर पीठ समन्वयक प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत को भेंट किया। दानदाता श्री प्रजापति का आभार व्यक्त किया। प्रो. राजपूत ने डॉक्टर गौर की जीवनी भेंट की।

## मयंक ने किया सागर को गौरवान्वित

### संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में ऑल इंडिया में 74 वीं रैंक की हासिल



**सागर, देशबन्धु।** मयंक राय ने सागर को गौरवान्वित किया है। मयंक राय कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती इस कविता का जीता जागता उदाहरण है। सागर जिले के मयंक राय ने यूपीएससी के आईईएस परीक्षा में 74वीं स्थान प्राप्त किया है। वे दो बार आईईएस मेन्स में असफल होने के बावजूद भी निराश नहीं हुए। आखिरकार उन्होंने तीसरी कोशिश में यह सफलता हासिल कर ही ली। उन्होंने ये उपलब्धि अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए सेल्फ स्टडी करते हुए प्राप्त की हैं। वर्तमान में मयंक बीएसएनएल जीटीओ पद पर कार्यरत हैं। वे पिछले 8 सालों से बीएसएनएल में कार्यरत हैं। मयंक राय जिले के देवरी विकासखंड में पीएचई विभाग में पदस्थ रही एसडीओ प्रार्जंलि राय के भाई है।

# डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय के लिए कार्य किया: सुधीर हेलियंस

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से लोगों के कर्तव्य और अधिकारों की बात की। हमें अपने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। उक्त विचार डॉ. आंबेडकर चेयर डॉ. हरीसिंह गौर विवि के द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जिसका विषय डॉ. बी.आर अंबेडकर का सामाजिक न्याय के विचारों और प्रयासों पर शोध और प्रसार पर आयोजित ऑनलाइन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर प्रतिष्ठान दिल्ली के सुधीर हेलियंस द्वारा व्यक्त किये गये। इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के सचिव एवं छत्तीसगढ़ पं. रविशंकर शुक्ल विवि के अर्थशास्त्री प्रो. रविंद्र ब्रह्म ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि सस्टेनेबल सोसाइटी की आज भी आवश्यकता है आज भी डॉ. अंबेडकर के द्वारा बताए गए सामाजिक न्याय के लिए बहुत कार्य करने की आवश्यकता है। सबको समानता के अवसर एवं कल्याणकारी समाज की स्थापना की आवश्यकता है।

डॉ. देवेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर जयंती के अवसर पर उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है डॉ. अंबेडकर एवं डॉ. गौर के विचार में शिक्षा संविधान सबका कल्याण एवं दोनों महापुरुषों ने मानवता के कल्याण के लिए कार्य किया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने महापुरुषों के विचार 12 प्रदेशों से जुड़े 124 से अधिक प्राध्यापक एवं शोध छात्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं जिससे लोगों को इन विचारों से प्रेरणा मिल सके। संगोष्ठी में 27 प्रतिभागियों ने द्वितीय सत्र में शोध पत्र का वाचन किया कार्यक्रम के समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन करते हुए सभी को धन्यवाद दिया गया।



## पीपल के वृक्ष से कभी भी हो सकता है हादसा

**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा बरायठा तिराहा के पास पीपल का वृक्ष जो कई वर्षो से लगा हुआ है एक टपरे के भरोसे सदा हुआ है जो बीच से दो हिस्सों में बट चुका है जिसका एक हिस्सा कभी भी गिर सकता है। स्थानीय प्रशासन ने अगर समय रहते ध्यान नही दिया तो कभी भी बडा हादसा हो जायेगे।

## दीनदयाल चौक से तीनमढ़िया तक निर्माणाधीन सड़क मार्ग को 15 दिसंबर तक बंद किया

**सागर, देशबन्धु।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड अंतर्गत शहर में निर्माणाधीन सड़क मार्ग दीनदयाल चौक से तीन मढ़िया तक एक व्यस्ततम मार्ग है और इस मार्ग पर मुख्य बस स्टेण्ड होने के कारण वाहनों से साथ ही पैदल लोगों की आवाजाही भी बहुत है। उक्त सड़क मार्ग कों सीसी रोड बनाया जा रहा है तब गाइडलाइन के अनुसार 21 से 28 दिन तक सीसी रोड पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहती है। यहां हेवी मशीनरी का उपयोग कर रोड निर्माण कार्य किया जा रहा है। वाहन चालकों, नागरिक की सुरक्षा हेतु एवं गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार इस मार्ग को 15 दिसंबर तक बंद किया गया है। इस सड़क मार्ग से आने जाने वाले नागरिक परिवर्तित मार्ग तीन मढ़ियाए डिग्री कॉलेज से काली तिराहा गोपालगंज होते हुए दीनदयाल चौक का उपयोग कर आ जा सकेंगे।

देव उठनी ग्यारस
की समस्त क्षेत्र वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



सुनीता दिनेश राय
ठेकेदार
आबकारी ठेकेदार, घुवारा, जिला छतरपुर

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।